CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

happy holi

मुरादाबाद, बुधवार 4 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 199 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00



# स्योहारा में होली जुलूस मार्ग को कराया गया बाधामुक्त

## विशेष सफाई अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। ईओ विजेंद्र सिंह पाल के निर्देशन में होली के निर्धारित जुलूस मार्ग पर पड़ी निर्माण सामग्री ईंट, बजरी, रेत व अन्य भवन निर्माण सामग्री को हटवाकर मार्ग को पूरी तरह बाधामुक्त कराया गया।

नगर पालिका कर्मचारियों ने सुबह से ही अभियान शुरू कर जुलूस रूट की व्यापक साफ-सफाई कराई। सड़कों पर झाड़ू लगवाई गई, कूड़ा-करकट उठवाया गया तथा पूरे मार्ग पर कली चूना का छिड़काव कराया गया जिससे स्वच्छता के साथ-साथ वातावरण भी स्वच्छ और सुरक्षित बना रहे। जहां-जहां नालियां अवरुद्ध थीं, उन्हें भी साफ कराया गया ताकि किसी प्रकार की जलभराव की स्थिति न बने और जुलूस में कोई बाधा उत्पन्न न हो। अमन कमेटी की बैठक में जुलूस मार्ग पर अवरोध और सफाई व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। नगर की शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्रवाई की गई और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।



### होली को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील

**स्योहारा।** थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार एवं ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने संयुक्त रूप से नगरवासियों से अपील की है कि सभी लोग होली का पर्व शांतिपूर्वक सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि त्यौहारों की असली पहचान प्रेम, सद्भाव और एकता से होती है। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नगर की सुरक्षा और व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है ताकि होली का जुलूस और पर्व पूर्णत: शांति और उल्लास के साथ संपन्न हो सके।

# होलिका दहन आपसी सौहार्द और उत्साह के साथ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में होलिका दहन का पर्व पूरे धार्मिक उत्साह, आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। विभिन्न मौहल्लों और कॉलोनियों में विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर नगर के व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने समस्त नगरवासियों को होलिका दहन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह सभी लोगों ने आपसी प्रेम सद्भाव और एकता के साथ होलिका दहन मनाया है, उसी प्रकार रंगों का त्यौहार होली भी शांति, भाईचारे और सौहार्द के वातावरण में मनाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि यह सामाजिक समरसता और आपसी मतभेद भुलाकर गले मिलने का पर्व है। हमें इस अवसर पर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम समाज में प्रेम, सद्भाव और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करेंगे।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों या असामाजिक



## भाईचारे का दिखा सुंदर नजारा

तत्वों से दूर रहकर त्यौहार की पवित्रता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। नगर के प्रमुख स्थलों पर प्रशासन की निगरानी में शांतिपूर्वक होलिका दहन कराया गया। हर वर्ग और समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे पूरे नगर में उत्सव का वातावरण बना रहा। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

अंत में अरुण कुमार वर्मा ने सभी से अपील की कि होली के पर्व पर प्रेम और सद्भाव के रंगों से एक-दूसरे को रंगें ताकि स्योहारा की गंगा-जमुनी तहजीब और अधिक मजबूत हो और पूरे क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द का संदेश जाए।

# ईरान के सर्वोच्च नेता के निधन पर नगीना सांसद की प्रतिक्रिया

## भारत को शांति, न्याय और स्वतंत्र कूटनीति का पक्षधर बनने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई के निधन की खबर के बाद नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने इस घटना को 'एक युग के अंत का संकेत' बताते हुए भारत सरकार से अंतरराष्ट्रीय हालात पर स्पष्ट और स्वतंत्र रुख अपनाने की अपील की।

सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए लिखा कि भारत को युद्ध की राजनीति के बजाय शांति, न्याय और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के पक्ष में खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की आवाज वैश्विक मंच पर शांति और संतुलन की होनी चाहिए, न कि किसी सैन्य संघर्ष का समर्थन करने वाली।

अपने संदेश में उन्होंने युद्ध को विनाशकारी बताते हुए कहा कि 'युद्ध समाधान नहीं, बल्कि विनाश है।' उन्होंने शहीदों की कुर्बानी को शांति, संवाद और मानवता के संदेश में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया।



### भारत-ईरान संबंधों का उल्लेख

सांसद ने भारत और ईरान के ऐतिहासिक संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, व्यापारिक और रणनीतिक संबंध रहे हैं। ऊर्जा सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और सामरिक सहयोग के संदर्भ में ईरान का महत्व उन्होंने रेखांकित किया।

उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया के बदलते हालात में भारत को अपनी स्वतंत्र कूटनीति के आधार पर निर्णय लेने चाहिए, ताकि देश की वैश्विक साख और संतुलित विदेश नीति बनी रहे।

### पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर चिंता

सांसद ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को चिंताजनक बताते हुए अंतरराष्ट्रीय शक्तियों की नीतियों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसी भी संप्रभु राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता और अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान किया जाना चाहिए।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का हवाला देते हुए कहा कि वैश्विक शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए संवाद और कूटनीति ही स्थायी रास्ता है।

### शांति और संवाद की अपील

अपने वक्तव्य के अंत में सांसद ने भारत सरकार से अपील की कि वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और संवाद की पहल को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के दौर में भारत को एक संतुलित और विवेकपूर्ण नेतृत्व की भूमिका निभानी चाहिए।

सांसद के इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मुद्दे पर आने वाले दिनों में राजनीतिक प्रतिक्रियाएं और स्पष्ट हो सकती हैं।

# कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए करें आवेदन

**बिजनौर।** जिला सेवायोजन कार्यालय के अधीन शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र में अप्रैल 2026 से कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण अनुसूचित जाति / जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित ऐसे अभ्यर्थियों को दिया जाएगा, जिनकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट होगी तथा हाई स्कूल में अंग्रेजी विषय होना अनिवार्य है। स्नातक तथा स्नातकोत्तर डिग्री धारकों को वरीयता दी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए अभ्यर्थी की आयु प्रवेश के समय 18 वर्ष होना आवश्यक है तथा अधिक से अधिक 35 वर्ष तक के अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं। साथ ही अन्य किसी संस्थान में अध्यनरत ना हो। इस प्रशिक्षण की अवधि 1 वर्ष होगी। इस प्रकार प्रशिक्षण सत्र अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर मार्च 2027 तक चलेगा। प्रशिक्षण पूर्णतया निशुल्क होगा परंतु अभ्यर्थियों को प्रवेश के उपरांत नोट आदि के लिए लेखन सामग्री की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। इस प्रशिक्षण में आशु. लिपि, टंकण तथा कंप्यूटर के साथ-साथ सामान्य हिंदी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित, बही खाता एवं सचिव पद्धति विषयों का अध्ययन कराया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षार्थियों में आत्मविश्वास जागृत करने के लिए समय-समय पर विशेषज्ञों की वार्ताओं का आयोजन किया जाता है। इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर संबंधित वर्गों के अभ्यर्थी अत्यधिक लवांवित होते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र शिक्षक एवं मार्गदर्शन केंद्र में 27 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें।

# हिंदू-मुस्लिमों ने मिलकर मनाया होली पर्व

## गांव की वर्षों पुरानी गंगा-जमुनी तहजीब का दिखा अनूठा नजारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों इस वर्ष 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के चलते होलिका दहन के समय को लेकर दुविधा बनी रही। कुछ स्थानों पर 2 मार्च के शाम को शुभ मुहूर्त निकालने के बाद होलिका दहन किया गया। अधिकांश स्थानों पर 4 मार्च को प्रात: होलिका दहन किया जाएगा।

नगर सहित क्षेत्र के कादराबाद, रसूलाबाद, चौहड़वाला, कासमपुर गढ़ी, सीरवासुचन्द, पक्खेवाला, उद्धोवाला, त्रिलोकपुर, सुआवाला, मौहम्मदपुर राजौरी भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला आदि गांवों में होली का पूजन के समय महिलाओं ने अपने परिवारों की सुख समृद्धि के लिए विधि विधान के अनुसार पूजन में पानी, दूध, चंदन, अक्षत, फूल, नारियल, घी, कपूर, कच्चा सूट, मौसमी फल, घर के बने सात पकवान का पूजन किया तथा दीप प्रज्वलित किए। श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर नई फसल के गेहूं की बाली को भूनकर प्रसाद ग्रहण किया तथा एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। 3 मार्च मंगलवार को सूर्य ग्रहण होने के कारण होलिका दहन को लेकर दुविधा बनी रही। अधिकांश स्थानों पर धर्म गुरुओं द्वारा 4 मार्च को प्रात: होली दहन के लिए शुभ मुहूर्त निकाला। जबकि क्षेत्र के ग्राम चौहड़वाला व मानियावाला में 2 मार्च सोमवार की रात्रि 8:30 बजे शुभ मुहूर्त के बाद विधि विधान एवं धार्मिक अनुष्ठान के बाद होलिका दहन किया। इस मौके पर हिंदू समाज के साथ तरावीह नमाज पढ़ने के बाद लौटे मुस्लिम समाज के लोगों ने भी भाग लिया जो की ग्राम मानियावाला की आपसी भाईचारा और अखंडता की सदियों पुरानी परंपरा रही है। यहां गंगा जमुना तहजीब का खूबसूरत नजारा देखने को मिला। इस मौके पर राजवीर सिंह चौहान, सुनील कुमार अग्रवाल, विपुल कुमार अग्रवाल, शेख मौहम्मद यूसुफ, मौहम्मद जुनेद, डॉ. शिवराम सिंह, ऋषभ चौहान, विनय अग्रवाल, शरीफ अहमद, गौरव अग्रवाल, सलामत उल्ला, राकेश सिंह, इसरार अहमद होटल वाले छोटे सिंह, नरेंद्र चौहान, नफीस अहमद, अरुण कुमार मेडिकल वाले, इमरान मेडिकल वाले आदि हिंदू मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।





# कुरान मुकम्मल होने पर खास दुआ कराई



**स्योहारा।** नगर के मौहम्मद हाजी इलियास पेट्रोल पंप पर 15 दिनों तक जारी रही कुरान पाक की तिलावत आखिरकार मुकम्मल हो गई। समापन अवसर पर एक खास दुआ का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के अनेक लोग शामिल हुए और अपने मुल्क के साथ-साथ पूरे विश्व में अमन-चैन, भाईचारे और इंसानियत की भलाई के लिए दुआएं मांगी गईं। इस 15 दिन के कुरान पाक को सुनने वाले नूर मस्जिद के इमाम हाफिज नदीम अहमद और कलाम पाक को सुनने वाले थे। इस मौके पर मुफ्ती अली हसन ने दुआ कराई। इस मौके पर बसपा के मुरादाबाद लोकसभा से पूर्व प्रत्याशी रहे मौहम्मद हाजी इलियास ने आए हुए सभी लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि कुरान पाक इंसान को सच्चाई सब्र और नेक रास्ते पर चलने की तालीम देता है। उन्होंने आगे कहा कि आज दुनिया जिन हालात से गुजर रही है, उसमें इंसानियत, मौहब्बत और आपसी भाईचारे का पैगाम बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में अरशद जमाल, बब्बू चौधरी, आमिर चौधरी, गौहर चौधरी, अफजल चौधरी, मौहम्मद यूनुस अंसारी, इकबाल अंसारी, अहसन एडवोकेट, शकील एडवोकेट सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे से मुलाकात कर मुबारकबाद दी और समाज में एकता व सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

# नाले की सफाई न होने से सड़क पर भरा पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला जामा मस्जिद के इलाके में नाले की साफ सफाई न होने से सड़क पर पानी जमा हो गया है। सड़क के बीचों बीच नाले का गंदा पानी भरा होने से आने जाने वाले स्कूली बच्चों के साथ नमाजियों को नमाज पढ़ने जाने के लिए बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रमजान का पवित्र महीना के साथ होली का पर्व भी है। इस सड़क से ऐतिहासिक काली का मंदिर, जामा मस्जिद, उमर फारुख मस्जिद, बस स्टैंड जाने का का रास्ता है। नाला गंदगी से आटा होने से मौहल्ले वासियों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नाले में कचरा भरा होने से बीमारी फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। नाले की साफ सफाई के लिए कई बार ग्राम प्रधान से भी शिकायत की गई है। ग्राम प्रधान ने

## नमाजियों को हो रही भारी दिक्कत

सिर्फ आश्वासन देकर टरका दिया है। नाले की साफ सफाई के लिए जिले के उच्च अधिकारियों से लेकर सांसद, विधायक को भी अवगत कराया गया है। मगर अभी तक नाले की साफ सफाई को लेकर किसी ने भी ठोस कदम नहीं उठाया है। मौहल्ले वासियों का कहना है कि नाले की साफ सफाई नहीं हुई तो आंदोलन करने मजबूर होना पड़ेगा। नाले की साफ सफाई की मांग करने वालों में तसलीम अहमद, अकरम अंसारी, असफाक अहमद, राजेंद्र सिंह सैनी, पप्पू सैनी, जाहिद हुसैन, नफीस अहमद, अनीस अहमद, नूर मौहम्मद, सलाम अहमद, नाजिम अंसारी, अकबर अंसारी आदि मौजूद थे।

# पान मसाला-गुटखा के दामों में उछाल

## बाजार से दिलबाग गायब, जमाखोरी की आशंका से उपभोक्ता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर क्षेत्र में इन दिनों पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के बाजार में असामान्य स्थिति बनी हुई है। खासतौर पर दिलबाग गुटखा के अचानक बाजार से लगभग गायब हो जाने तथा सिगरेट सहित अन्य ब्रांडों के दामों में बढ़ोतरी ने उपभोक्ताओं को चिंता में डाल दिया है।

नगर के मुख्य बाजार, मौहल्लों की दुकानों और आसपास के क्षेत्रों में जब जानकारी जुटाई गई तो सामने आया कि कई दुकानों पर दिलबाग गुटखा उपलब्ध नहीं है। कुछ दुकानदारों ने सप्लाई प्रभावित होने की बात कही, जबकि कुछ ने कंपनी स्तर से माल कम आने का हवाला दिया। वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं का कहना है कि जहां उत्पाद उपलब्ध हैं, वहां निर्धारित मूल्य एमआरपी से अधिक कीमत वसूले जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्राहकों के अनुसार कुछ उत्पादों पर 2 से 5 रुपये तक अधिक वसूली की जा रही है। हालांकि यह बढ़ोतरी आधिकारिक है या स्थानीय स्तर पर की जा रही है, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। बाजार में यह भी चर्चा है कि सप्लाई में आई कमी का फायदा उठाकर कुछ स्तर पर माल रोक कर रखने यानी संभावित जमाखोरी की स्थिति बन रही हो सकती है। हालांकि किसी भी व्यापारी या व्यक्ति विशेष के खिलाफ कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है, लेकिन अचानक कमी और दामों में उछाल ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। कई नियमित उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें मजबूरी में दूसरे ब्रांड लेने पड़ रहे हैं या अधिक दाम देकर सामान खरीदना पड़ रहा है। इससे रोजमर्रा खर्च पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। व्यापारियों का एक पक्ष यह भी कह रहा है कि परिवहन लागत टैक्स व्यवस्था या कंपनी की नई वितरण नीति के कारण सप्लाई प्रभावित हो सकती है, लेकिन आम जनता का मानना है कि यदि ऐसा है तो स्थिति को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया जाना चाहिए ताकि भ्रम की स्थिति खत्म हो सके।



नगरवासियों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों से मांग की है कि बाजार में पान मसाला और तंबाकू उत्पादों की उपलब्धता व कीमतों की जांच कराई जाए। यदि कहीं एमआरपी से अधिक वसूली या माल रोककर रखने जैसी स्थिति सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

फिलहाल स्योहारा में पान मसाला बाजार की यह स्थिति चर्चा का प्रमुख विषय बनी हुई है और उपभोक्ता प्रशासन की सक्रियता का इंतजार कर रहे हैं।

# मुकर्रमपुर में पटाखा फैक्ट्री से उठा धुएं का काला गुबार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव मुकर्रमपुर स्थित एक पटाखा फैक्ट्री से अचानक धुएं का काला गुबार उठता देख हड़कंप मच गया। आसमान में गहरा धुआं देखकर खेतों में काम कर रहे किसान और ग्रामीण अनहोनी की आशंका से सहम गए। हालांकि, बाद में स्थिति स्पष्ट होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंगलवार दोपहर मुकर्रमपुर के पास स्थित पटाखा फैक्ट्री के परिसर से अचानक घना धुआं निकलने लगा। धुएं को देखते ही ग्रामीणों में किसी बड़े हादसे या विस्फोट का डर बैठ गया। खेतों में काम कर रहे किसानों

## ग्रामीणों में मची अफरा-तफरी

में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही जब ग्रामीण और जिम्मेदार लोग मौके पर पहुंचे, तो पता चला कि फैक्ट्री के भीतर वेस्ट मटेरियल (कूड़ा-करकट और अवशेष) जलाया जा रहा था। सूखे कचरे और रसायनों के अवशेष के कारण धुआं काफी गहरा और डरावना दिखाई दे रहा था। धुआं इतना ज्यादा था कि लगा जैसे कोई बड़ी घटना हो गई है। हम सब डर गए थे, लेकिन जब पता चला कि सिर्फ वेस्ट जलाया जा रहा है, तब जाकर जान में जान आई।

# मिडिल ईस्ट में फंसे भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नंबर

**नई दिल्ली, वार्ता**

अमेरिका- इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष का असर कई खाड़ी देशों पर पड़ रहा है। कुवैत, ओमान, सऊदी अरब, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात में हालात प्रभावित हुए हैं। इन देशों में लाखों भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं। जिनमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के कुछ सदस्य भी शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत के लगभग 96 लाख नागरिक पश्चिम एशिया में रहते हैं, जो जारी सैन्य टकराव के चलते किसी न किसी रूप में प्रभावित हुए हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा है कि वह इस कठिन समय में प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। जरूरतमंद लोग संबंधित देशों में भारतीय दूतावास द्वारा जारी इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा आईएमए के सदस्य सहायता के लिए ऑनरेरी फाइनेंस सेक्रेट्री डा. पीयूष जैन से भी संपर्क कर सकते हैं। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर फिलहाल भारतीय नागरिकों पर भी साफ दिखने लगा है। भारत के लगभग 96 लाख नागरिक पश्चिम एशिया में रहते हैं, जो जारी सैन्य टकराव के चलते किसी न किसी रूप में प्रभावित हुए हैं। इनमें बड़ी संख्या में छात्र, यात्री और खाड़ी देशों में काम करने वाले माइग्रेंट्स शामिल हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए सबसे ज्यादा छात्रों की हालत खराब है, वो हर समय दहशत में जी रहे हैं। भारत में उनके परिजन भी इसी बात से परेशान हैं।

### भारतीय दूतावास के आपातकालीन संपर्क नंबर

कुवैत- +965-65501946
ओमान- +968-98282270, 80071234 (टोल फ्री)
सऊदी अरब- 00-966-11-4884697, 00-966-542126748, 8002471234 (टोल फ्री, केवल व्हाट्सएप)
बहरीन- 00973-39418071
संयुक्त अरब अमीरात-800-46342 (टोल फ्री) +971543090571

**भारत के लगभग 96 लाख नागरिक पश्चिम एशिया में हैं**

# अमेरिका-इजराइल की कार्रवाई गलत: उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई को गलत ठहराया है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के शीर्ष नेता की हत्या करना उचित नहीं है। उमर अब्दुल्ला ने सवाल उठाया कि अगर अमेरिका और इजराइल की यह कार्रवाई सही मानी जाती है, तो फिर रूस द्वारा यूक्रेन के खिलाफ की गई कार्रवाई को भी सही ठहराया जाएगा? और अगर भविष्य में भारत भी इसी तरह का कदम उठाए, तो क्या उसे भी जायज कहा जाएगा?

सीएम ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय विवादों का समाधान सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि बातचीत और कूटनीति से होना चाहिए। विदेशों में पढ़ रहे छात्रों को लेकर उन्होंने बताया कि कई छात्र, जिनमें मेडिकल के विद्यार्थी भी शामिल हैं, वहां मौजूद हैं। सरकार उनके संपर्क में है और उनकी सुरक्षा को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सीएम ने बताया कि छात्रों के परिजनों से भी लगातार बातचीत की जा रही है। परिजनों से कहा गया है कि उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है।



# उप्र में होलिका दहन संपन्न आजे उड़ेगा अबीर-गुलाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में होलिका दहन मंगलवार सुबह तक संपन्न हो गया, जबकि रंग बुधवार को खेला जाएगा। होलिका दहन कुछ स्थानो पर सोमवार मध्य रात्रि के बाद हुआ जबकि कुछ एक जगह पर मंगलवार भोर चार बजे होली में आग लगाई गई।

चंद्रग्रहण का सूतक लगने के कारण कुछ स्थानो पर आज शाम छह बजे के बाद होलिका दहन का कार्यक्रम होगा। हालांकि रंगों की बौछार और अबीर गुलाल की मस्ती बुधवार को होगी। इस साल का पहला चंद्र ग्रहण आज लगा, इसलिए ग्रहण के कारण होली से जुड़े काम रोक दिए गए हैं। यह आंशिक चंद्र ग्रहण होगा जो भारत के कुछ हिस्सों में दिखा, ग्रहण दोपहर 3:20 बजे से शाम 6:46 बजे तक रहा, जिसका सूतक काल आज भोर छह बजकर 20 मिनट पर शुरू हो गया।

### होली पर डीजीपी राजीव कृष्ण की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण ने होली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंग, उमंग और आपसी विश्वास का यह पर्व प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला उत्सव है, जो आपसी सौहार्द और सद्भाव को मजबूत करता है। डीजीपी ने आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश पुलिस प्रदेशवासियों के सुरक्षित और शांतिपूर्ण उत्सव के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। पूरे प्रदेश में पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है, ताकि सभी लोग अपने परिवार और प्रियजनों के साथ सुरक्षित वातावरण में होली मना सकें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों का ही उपयोग करें, किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

happy holi

मुरादाबाद, बुधवार 4 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 199 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 14 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ईरान ने यूरोपीय देशों को दी कड़ी चेतावनी

पेज 2



अलाना किंग, स्मृति मंधाना वनडे रैंकिंग में टॉप पर

खेल टाइम्स



प्राइवेट हॉस्पिटल: खर्चा और उससे जुड़े रोगियों के अधिकार

सम्पादकीय



अभी पूरी ताकत से हमला नहीं किया: ट्रम्प

पेज 2

## 14वां रोज़ा

### जन्नत के दरवाज़े पर सब्र की दस्तक है रोज़ा



माशाअल्लाह! माहे-मुबारक रमज़ान का कारवां अब चौदहवें रोज़े तक आ पहुंचा है। रोज़ेदार के लिए वैसे तो हर रोज़ा खुशियों का खजाना है। मगफिरत के इस अशरे में चौदहवां रोज़ा जन्नत के दरवाज़े पर सब्र की दस्तक है। अमूमन 'मझला रोज़ा' भी शुमार किया जाता है। इस की अपनी फजीलत और अज़्मत है। शरई जिसमें हर किसी की बुराई, बदगुमानी, बेईमानी, बेहयाई, ईमान का निशान और इंसानियत की पहचान है। चौदहवें रोज़े तक आते-आते रोज़ेदार सब्र का आदी हो जाता है। इसलिए रोज़ा रोज़ेदार के लिए जन्नत का फरियादी हो जाता है। हदीस की रोशनी में भी रोज़ा जन्नत के दरवाजे पर सब्र की दस्तक है।

# पश्चिम एशिया में बिगड़ रहे हालात पर भारत ने जताई गहरी चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- निकट पड़ोसी होने के नाते क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता से उसके महत्वपूर्ण हित जुड़े हुए
- बातचीत से जल्द समाधान पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में स्थिति के निरंतर बिगड़ने और बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने के मद्देनजर भारत ने सभी संबद्ध पक्षों से बातचीत और कूटनीति से समस्या का जल्द समाधान निकालने का एक बार फिर आह्वान किया है।

भारत ने कहा है कि निकट पड़ोसी होने के नाते क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता से उसके महत्वपूर्ण हित जुड़े हुए हैं, इस वजह से भी वहां का घटनाक्रम बड़ी चिंता का विषय है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता ने मंगलवार को ताजा स्थिति पर वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि पश्चिम एशियाई देशों में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों की मौजूदगी और उस क्षेत्र से भारत के आर्थिक हितों के जुड़े होने से इन हालातों को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। वक्तव्य में कहा गया है कि हाल के दिनों में इस संघर्ष में तेजी आई है और इसका अन्य देशों तक विस्तार हुआ है। इससे विनाश और जनहानि बढ़ी है तथा सामान्य जीवन और आर्थिक गतिविधियां ठप हो गई हैं। भारत का मानना है कि क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता में महत्वपूर्ण हित रखने वाले निकटवर्ती पड़ोसी के रूप में ये घटनाक्रम गहरी चिंता उत्पन्न करते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि इस पृष्ठभूमि में भारत समस्या के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का अपना आह्वान दृढ़ता से दोहराता है। उन्होंने कहा कि हम संघर्ष की शीघ्र समाप्ति के पक्ष में स्पष्ट रूप से अपनी आवाज उठाते हैं।



## पीएम मोदी ने ओमान पर हमले की निंदा की

**नई दिल्ली।** इजरायल-ईरान जंग का मंगलवार को चौथा दिन था। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बाद भारतीय वापस आ रहे हैं। दुबई और अबूधाबी से मंगलवार शाम तक सात फ्लाइट से 2100 से ज्यादा भारतीय लौट चुके हैं।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर 8 खाड़ी देशों के नेताओं से बात की है। पीएम ने मंगलवार को ओमान के सुल्तान, कतर के अमीर और कुवैत के क्राउन प्रिंस से फोन पर बात वहां हुए हमलों की निंदा की। एयरस्पेस बंद होने के कारण मंगलवार को दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और चेन्नई एयरपोर्ट पर 250 से ज्यादा इंटरनेशनल फ्लाइट कैंसिल कर दी गई। इनमें दिल्ली से 80+, मुंबई से 107, बेंगलुरु से 42 और चेन्नई से 30 उड़ानें शामिल हैं। इंडिगो आज जेद्दाह से हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए 10 स्पेशल उड़ानें भी चला रहा है।

# रियाद में अमेरिकी एंबेसी पर हमला

## आग लगी, ईरान के ड्रोन हमले के बाद अमेरिकी एंबेसी बंद

**रियाद, वार्ता**

- ड्रोन हमले से पूरे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ा
- ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद किया
- कहा: जो जहाज वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे हैं, उन पर हमला होगा

**ईरान द्वारा सऊदी अरब के** रियाद स्थित अमेरिकी दूतावास पर मंगलवार सुबह ड्रोन से हमला किया गया, जिसके कारण हल्की आग लगी, गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ है।

सऊदी गैजेट की रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने कहा कि शुरुआती अनुमान के मुताबिक, रियाद में अमेरिकी दूतावास को ड्रोन से लक्षित किया गया है। इस घटना में हल्की आग लगी और इमारत को मामूली नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि रियाद के साउथ में स्थित प्रिंस सुल्तान एयरबेस के पास पांच ड्रोन को मार गिराया गया। इसके अलावा दो ड्रोन के जरिये पूर्वी प्रांत में रास तनुरा ऑयल रिफाइनरी पर हमला करने की कोशिश की गई, लेकिन मार गिराए गए ड्रोन का मलबा गिरने से रिफाइनरी में हल्की आग लग गई। किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अमेरिका जल्द ही ड्रोन हमले का जवाब देगा। रियाद में अमेरिकी दूतावास ने रियाद और जेद्दा में अमेरिकी नागरिकों के लिए एक परामर्श जारी किया है कि वे दूतावास परिसर से दूर रहें और घर के अंदर ही रहें। वहीं रियाद में अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि उसने अपने मिशन पर ड्रोन हमले के बाद सेवाएं स्थगित कर दी हैं। इस ड्रोन हमले से पूरे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। इस बीच होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद कर दिया गया है और ईरान ने चेतावनी दी है कि इस रास्ते से गुजरने की कोशिश करने वाले जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। इस जलमार्ग से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल गुजरता है। अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि मंगलवार को सभी नियमित और आपातकालीन अपॉइंटमेंट रद्द कर दिए गए हैं और रियाद, जेद्दा तथा धाहरान में उसके मिशन पर घर में ही सुरक्षित रहें के उपाय लागू थे। बयान में कहा गया कि दूतावास पर हमले के कारण अगली सूचना तक इन स्थानों पर जाने से बचें। हम सभी अमेरिकी-नागरिकों को व्यक्तिगत सुरक्षा योजना बनाए रखने की सलाह देते हैं।



## IRGC का दावा: हमने 650 अमेरिकी सैनिक मार गिराए

- ईरानी हमलों के चलते विमानवाहक पोत भी हटा पीछे

**तेहरान।** पश्चिम एशिया की जमीन इन दिनों बारूद की गंध से भरी है। इजरायल और अमेरिका की ओर से ईरान पर जारी सैन्य हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई का मंगलवार को चौथा दिन था। दोनों देशों की संयुक्त बमबारी तेज हो गई है और अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया है कि यह अभियान चार-पांच हफ्ते तक चल सकता है।

पूरा क्षेत्र युद्ध जैसे हालात से गुजर रहा है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसके 'ट्रू प्रामिस 4' अभियान के पहले दो दिनों में 650 से अधिक अमेरिकी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। आईआरजीसी के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नइनी ने कहा कि ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों में खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और नौसैनिक संपत्तियों को निशाना बनाया गया। नइनी के अनुसार, बहरीन में अमेरिकी नौसेना के फिफ्थ फ्लीट मुख्यालय पर कई बार हमले किए गए। उन्होंने दावा किया कि एक हमले में 160 अमेरिकी सैनिक हताहत हुए। साथ ही अमेरिकी नौसेना के एक कॉम्बैट सपोर्ट जहाज को भी भारी नुकसान पहुंचा। आईआरजीसी ने यह भी कहा कि ईरानी नौसेना ने चाबहार तट से 250 से 300 किलोमीटर दूर तैनात यूएसएस अब्राहम लिंकन पर चार क्रूज मिसाइल दागीं, जिसके बाद विमानवाहक पोत को पीछे हटना पड़ा। अमेरिकी पक्ष की ओर से इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

# खामेनेई की हत्या पर भारत की चुप्पी से हैरानी: सोनिया गांधी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- कहा: यह न्यूट्रल रहना नहीं, जिम्मेदारी से पीछे हटना
- यह पीएम की ईरान पर हमले की अनदेखी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर भारत सरकार की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए हैं। दिल्ली की चुप्पी हैरान करने वाली है, यह तटस्थता (न्यूट्रल) नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से पीछे हटना है।

मंगलवार को एक अखबार में प्रकाशित आर्टिकल में उन्होंने लिखा कि 1 मार्च को ईरान ने पुष्टि की कि उसके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की एक दिन पहले अमेरिका और इजरायल के टारगेटेड अटैक में हत्या कर दी गई। जब दो देशों की डिप्लोमैट लेवल की बातचीत चल रही हो, तब एक मौजूदा राष्ट्राध्यक्ष की हत्या अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में गंभीर दरार को दिखाती है। सोनिया गांधी ने लिखा कि भारत सरकार ने न तो हत्या की निंदा की और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया दी।

## रंगोत्सव



होली/दुल्हैंडी के मौके पर सभी देशवासियों को

दिली मुबारकबाद

एस.एन. राना - सम्पादक

## अवकाश सूचना

दुल्हैंडी (होली) के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 6 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

## दुबई से 149 यात्रियों को लेकर दिल्ली पहुंची एयर इंडिया की उड़ान

**नई दिल्ली।** दुबई में फंसे 149 यात्रियों को लेकर एयर इंडिया का एक विमान मंगलवार सुबह दिल्ली पहुंचा। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 916डी मंगलवार की सुबह 10:58 पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इसमें कुल 157 लोग सवार थे जिसमें 149 यात्री और चालक दल के आठ सदस्य शामिल हैं। पश्चिम एशिया में फंसे यात्रियों को लेकर दिल्ली आने वाली मंगलवार को यह पहली उड़ान थी।





















# रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं






## ट्रैक्टर-ट्रॉली छुड़ा कर ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**चांदपुर।** वन रक्षक ने राज्य वन्यजीव बारहसिंघा अभयारण्य क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन की पकड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारपीट कर छुड़ाकर ले जाने का आरोप लगाया है। चांदपुर रेंज के दतियाना बीट प्रभारी वर्ष रक्षक गौरव कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 फरवरी को वह हमराह सागर कुमार वनरक्षक और डब्ल्यू वन दैनिक श्रमिक के साथ गस्त पर थे। सुल्तानपुर खादर में सुबह करीब 10:15 बजे ट्रैक्टरों की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे। देखा वहां भोगपुर निवासी खेमेंद्र अन्य साथियों के साथ मिलकर एक प्लॉट में अवैध रूप से मिट्टी खनन कर भराव किया जा रहा था। क्षेत्र राज्य वन्य जीव बारहसिंघा अभयारण्य में बिना अनुमति के अवैध खनन, कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है। जिसके चलते कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर मय ट्रॉली मिट्टी से लदे को लेकर रेंज कार्यालय चांदपुर लाया जा रहा था। आरोपी गांव से अपने साथियों को बुलाकर रास्ते में मारपीट व गाली-गलौज कर ट्रैक्टरों को छुड़ा कर ले गए।

## बिजनौर मार्ग पर यूपी रोडवेज की बसें चलाने की मांग

**चांदपुर।** अग्रवाल सभा ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को पत्र लिखकर चांदपुर से वाया हल्दौर बिजनौर के लिए बस सेवा शुरू करने की मांग की है। चांदपुर से वाया हल्दौर बिजनौर जाने वाले यात्रियों को सरकारी बसों की कमी के कारण भारी परेशानी हो रही है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अरविंद कुमार मित्तल ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक चांदपुर के नाम रोडवेज वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी को ज्ञापन देकर इस मार्ग पर बस सेवाओं के संचालन की मांग की है। पत्र में उन्होंने बताया कि वर्तमान में चांदपुर से बिजनौर केवल चांदपुर-स्याऊ-हीमपुर दीपा-दारानगर गंज मार्ग पर ही यूपी रोडवेज की बसें चलती हैं। हल्दौर वाले रास्ते पर कोई सरकारी बस नहीं होने से यात्रियों को प्राइवेट बसों पर निर्भर होना पड़ता है, जिसमें समय भी ज्यादा लेती हैं। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर रोडवेज बसें शुरू होने से यात्रियों को सुविधा मिलेगी और निगम की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने अनुरोध किया है कि चांदपुर-हल्दौर-बिजनौर मार्ग पर शीघ्र बस सेवाएं शुरू की जाएं।

## बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए दस मार्च तक करें आवेदन

**बिजनौर।** बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। दस मार्च तक ऑनलाइन आवेदन होने के उपरांत प्रवेश के लिए इस वर्ष भी संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के माध्यम से प्राप्त अंकों के आधार पर अभ्यर्थियों की मेरिट सूची तैयार की जाएगी। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद (और अन्य यूपी राज्य विश्वविद्यालयों) से संबद्ध कॉलेजों में दो साल के बीएड सत्र में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन किए जा रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएड में दाखिला लेने के इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद केंद्रीकृत काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। इसी काउंसिलिंग के जरिए अभ्यर्थियों को उनकी रैंक और विकल्पों के अनुसार विभिन्न मान्यता प्राप्त बीएड कॉलेज का आवंटन किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृष्णा कॉलेज के प्रबंध निदेश पवन कुमार राजपूत ने अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम तिथि से पहले आवेदन प्रक्रिया कर लें। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि दस मार्च है।

## नबी की सुन्नतों पर अमल कर जिंदगी गुजारने पर जोर

**धामपुर।** रमजान माह में कुराने करीम के तीस सिपारों को याद कर सुनने, मुकम्मल होने का सिलसिला शुरू हो गया है। उलेमाओं ने मुसलमानों से रमजानुल मुबारक के महीने में सही जकात अदा कर अल्लाह, उनके नबी की सुन्नतों पर अमल कर जिंदगी गुजराने की ताकीद की। उन्होंने मुसलमानों से दीनी, दुनियावी तालीम हासिल करने पर जोर दिया।

# होली और रमजान को लेकर सख्त एक्शन मोड में पुलिस, जुलूस प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** होली रंगोत्सव और पवित्र रमजान माह को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) प्रकाश कुमार एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित द्वारा क्षेत्राधिकारी नगीना डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, उपजिलाधिकारी विजय शंकर मिश्रा एवं थाना प्रभारी नगीना अवनीत मान की उपस्थिति में शहर क्षेत्र में प्रस्तावित जुलूस/शोभायात्रा मार्ग का आयोजकों के साथ संयुक्त भ्रमण/निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए।



एसपी ने नगर के प्रमुख चौराहों, भीड़-भाड़ वाले बाजारों, मिश्रित आबादी और संवेदनशील क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों तथा मुख्य मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की मौजूदगी, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्व के दौरान पूर्ण सतर्कता बरती जाए और किसी भी तरह की हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, नशे में वाहन चलाने, तेज रफ्तार बाइक स्टंट, छेड़छाड़ या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

एसपी ने पीआरवी, मोबाइल पुलिस टीम और पैदल गश्त को लगातार सक्रिय रखने के निर्देश दिए। किसी भी सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने को कहा गया है।

साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने, भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट डालने और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की को. शिश करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। साइबर सेल और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम को विशेष रूप से सक्रिय किया गया है।

नगर में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती, ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी, सुदृढ़ ट्रैफिक प्रबंधन और लगातार गश्त की व्यवस्था की गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व अपर जिला अधिकारी द्वारा नगरवासियों से अपील की गई है कि होली और रमजान के पावन अवसर पर आपसी भाईचारे, सौहार्द और सम्मान के साथ पर्व मनाएं। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री उपेन्द्र कुमार** द्वारा **संस्था अम्बेड़कर जन्तोत्थान समिति, ग्राम पित्थापुर, पोस्ट स्योहारा, तह. धामपुर, जिला बिजनौर** का **चेयरमैन** दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. पवन कुमार-सचिव, 2. नेशव सिंह- वाईस चेयरमैन, 3. लोकेन्द्र कुमार- ट्रेजरार, 4. नीशू कुमार, 5. सोनू, 6. केवल सिंह, 7. राम किशन सिंह, 8. उदयराज सिंह, 9. नवीन कुमार, 10. देवेन्द्र कुमार- सदस्य, 11. उपेन्द्र कुमार- चेयरमैन दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से**

**( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक निबन्धक**










# रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं



रंगों के पर्व होली की सभी नागरिकों को दिल की गहराईयों से मुबारकबाद

**रिहान अहमद**

राजकीय ठेकेदार, नगर पंचायत मंडावर





## कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**नगीना।** न्यू हिंदू कॉलोनी धामपुर निवासी अवनीश गिरी (37 वर्ष) पुत्र चंद्रपाल गिरी बाइक से नजीबाबाद से अपने घर धामपुर जा रहा था। जैसे ही वह नगर के रायपुर रोड स्थित अकबराबाद चौक पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक कार ने अनियंत्रित होकर उसे चपेट में ले लिया। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय बिजनौर के लिए रैफर कर दिया।


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर





महापर्व होली की सभी को

हार्दिक बधाई



**ठाकुर रवेंद्र चौहान**

मुख्य राष्ट्रीय उपाध्यक्ष- भारतीय किसान यूनियन भानू
निवासी- ग्राम पखनपुर, नगीना

रंगों के पर्व होली की

हार्दिक बधाई



**अरूण कुमार वर्मा**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता, स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर




## मासूम बच्चों के पहला रोजा रखने पर भव्य इफ्तार का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** टीचर्स कॉलोनी निवासी हाकिम फुरकान सलमानी के पोती-पोते तथा युवा समाजसेवी कासिम सलमानी की 12 वर्षीय बेटी सिदरा परवीन और 10 वर्षीय बेटे हमजा ने अपना पहला रोजा रखा।

इस खुशी के मौके पर रोजेदारों के लिए एक भव्य रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार कार्यक्रम में रोजेदारों के साथ-साथ सर्वसमाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और मासूम बच्चों सिदरा परवीन व हमजा को अपनी दुआओं से नवाजा। उपस्थित लोगों ने हाकिम फुरकान सलमानी और कासिम सलमानी को बच्चों के पहला रोजा रखने पर मुबारकबाद दी। इस अवसर पर कारी जीशान ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराना बहुत बड़ा सवाब का काम है। अपनी खुशियों में रोजेदारों के साथ-साथ



सभी को शामिल करना चाहिए और जरूरतमंदों का विशेष ख्याल रखना चाहिए। टीचर्स कॉलोनी में आयोजित इस इफ्तार पार्टी में सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का हाकिम फुरकान सलमानी, कारी जीशान, जफर सलमानी, कासिम सलमानी और हाशिम सलमानी ने स्वागत करते हुए शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर अनवर बाबू, मास्टर उबैद अख्तर, जाकिर हुसैन, प्रेस क्लब अध्यक्ष रियाज उर्फ प्रिंस जमाल, रिहान अहमद जकी, रईस, नवाब अहमद, फिरोज हैदर, आरिफ जैदी, अहमद जैदी, जकी जैदी, इस्माइल चौधरी, इरफान मिस्त्री, मास्टर बब्बू चौधरी, आशु जैदी, राजा अहमद, इकबाल राजा, रिजवान सलमानी, इरशाद सलमानी, अमजद अली, अलीम अहमद, गुड्डू, बदरे आलम, तनवीर सलमानी, जकीउल्लाह मंसूरी, नसीम अहमद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


मुकद्दस रमजान व होली की बधाई

मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



रंगों के पर्व होली की

हार्दिक बधाई



**निशु वर्मा**

युवा समाजसेवी
शिवाजी मार्केट, स्योहारा

रंगों के पर्व होली की

हार्दिक बधाई



प्रो. राजीव कुमार

**एके चिकन कार्नर**

नजीबाबाद प्राइवेट बस स्टैंड के सामने
विकास भवन के पास, बिजनौर

नोट:- चिकन की सभी स्वादिष्ट वैरायटियां उपलब्ध है।

रंगों के पर्व होली की

हार्दिक बधाई

Dr. KUSHIK KUMAR
MBBS, MS (Orthopaedics)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
Dr. ISHU CHAUDHARY
MBBS, DGO (NARCHI)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा
Ashirvad Trauma & Maternity hospital
नोट- आयुष्मान कार्ड द्वारा सभी प्रकार के आपरेशन नि:शुल्क किये जाते है।
पता- गोयल पब्लिक स्कूल, धामपुर रोड, नगीना
मो.- 9917512687, 7310752255

रंगों के पर्व होली की

हार्दिक बधाई





**संजय राणा**

जिलाध्यक्ष- शिव सेना यूबीटी, जनपद बिजनौर

रंगों के पर्व होली की

हार्दिक बधाई



प्रो. मनोज आर्य

**मोहन मुर्गे वाला**

नगर पालिका कार्यालय के समीप, बिजनौर

नोट:- चिकन की सभी स्वादिष्ट वैरायटियां उपलब्ध है।

रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई



**एम.पी. सिंह** - पूर्व डीएसपी

अध्यक्ष- जाट महासभा, बिजनौर
संयोजक- आजाद किसान यूनियन
मैनेजर - जनता इंटर कॉलेज, धौकलपुर
वरिष्ठ उपाध्यक्ष - वरिष्ठ नागरिक समिति, बिजनौर
चेयरमैन- राज ग्रुप बिजनौर
संयोजक- पीपीएस (रिटायर्ड) ऑफिसर वैलफेयर एसोसिएट, उ.प्र.

## बिक्री अधिक होने से दुकानदारों की होली हुई मीठी

# जमकर हुई रंग और पिचकारियों की बिक्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रंगो के पर्व होली पर बाज़ार दुल्हन की तरह सजे रहे, लेकिन इस बार मेंहगाई की मार के बाद भी रंग और पिचकारियों की बिक्री जमकर होने से दुकानदारों की होली काफी मीठी हुई है।

प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की योगी सरकार के दोबारा सत्ता में आने से काफी खुशी का माहौल है। बाज़ार में इस बार भग्वा रंग के साथ योगी और मोदी के मुखौटों की भरमार रही बाज़ार भग्वा झंडियों से सजाने के साथ भंगवा रंगों की बिक्री जमकर हुई है। मेंहगाई की मार क बाद भी होली के रंगो और योगी मोदी के मुखौटों की खरीदारी जमकर की गई है। इस पर होली पर्व दुकानदारों के लिए खास फायदे वाला रहा। पूर्व वर्षो की भांति इस साल रंगो की बिक्री पर अधिक असर दिखा सकी। देर दोपहर तक मुख्य बाज़ारों में तरह-तरह के रंगो और विभिन्न रूप की पिचकारियों से सजी दुकानों पर भारी भीड़ लगी रही, जबकि देर दोपहर को तो भीड़ बढ़ने के कारण बाज़ार में पांव रखने की भी जगह नहीं मिल रही थी। दुकानदारों का कहना है कि पूर्व वर्षो से इस बार सप्ताह भर से ही रंगों की बिक्री शुरू हो गयी थी, किन्तु होली के पर्व की संध्या पर रंगो की बिक्री पिछली बार की अपेक्षा अबकि बार ओर भी बढ़ गयी थी। इस बार कृत्रिम बाल और विभिन्न प्रकार के मुखौटों की बिक्री सबसे अधिक रही। जबकि मुखौटों के साथ विभिन्न प्रकार की बनी पिचकारियां नन्हे-मुन्ने बच्चों की सबसे अधिक पसंद रही। अभिभावकों के साथ रंग आदि की खरीद्दारी करने आने वाले बच्चों ने मनपसंद के रंग और अन्य सामान की खरीदारी की गयी।

**मुखौटों और कृत्रिम बालों के कवरों की अधिक खरीदारी**

## 1215 स्थलों पर होगो होलिका दहन

**सम्भल।** होली पर्व कड़ी सुरक्षा के बीच मनाया जायेगा। इसके लिए पुलिस की और से सुरक्षा के जहां चाक चौबंद प्रबंध किए गए हैं वहीं 1215 स्थलों पर होने वाले होलिका दहन के लिए नोडल अधिकारी व सैक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए है। होलिका दहन के आसपास भी पुलिस फोर्स की मौजूदगी रहेगी। इसके अलावा प्रमुख चौराहों पर सी सी टी वी कैमरों से भी निगरानी करायी जायेगी। जबकि 17 मेले लगेंगे। जिसके लिए पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी।



बबराला- पारम्परिक होली के लिए विश्व मं चर्चित ग्राम न्यौरा में होली गीतों पर नाचती विरासत।

# आसामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नज़र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** होली पर्व के मद्देनज़र नई परम्परा डालने वालों को लेकर पुलिस का रूख सख्त हो गया है। आसमाजिक तत्वों पर पैनी नज़र रखने के लिए पुलिस-प्रशासन के साथ थानों की पुलिस ने भी चाक-चौबंद व्यवस्था कर रखी है। इसके तहत गांवो में भी चौकीदारों को विशेष सख्त हिदायत दी गई है कि वह अपने क्षेत्रों में दृष्टि गड़ाए रखे।

होली का पर्व शांति पूर्वक सम्पन्न कराने को पुलिस-प्रशासन का रूख सख्त है, जबकि थानों की पुलिस भी अपने क्षेत्र में पूरी तरह से सतर्कता बरत रही है पुलिस-प्रशासन भी थोड़ी सी हीला हवाली बरतने के मूंड में नही है। पर्व पर असमाजिक तत्वों द्वारा नई परम्परा डाली जाए, इसे रोकने और उन पर तत्काल लगाम कसने के लिए पुलिस के आला अधिकारियों ने अधीनस्थों बैठक लेकर निर्देश दे दिए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि अपने क्षेत्र में नई परम्परा डालने का प्रयास करने वालों के बारे में सूचित करे। उन्होने सख्त लहजे में कहा कि नई परम्परा शुरू करने वालों को नहीं बख्शा जाएगा। गांव में पैनी नज़र बनाए रखें। जबकि कोई भी गलत बात अथवा नई परम्परा का मामला संज्ञान में आए तो उसकी तत्काल सूचना आला अधिकारियों को दें। इसके अलावा हुड़दंगियों पर भी अपनी नज़र बनाए रखें। जिससे कि किसी दूसरे को ठेस नही पहुंचे और होली पर्व पर अमन को ठेस पहुंचाने वालों पर कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जा सके। इसके अलावा उन्होने क्षेत्र के लोगों से भी अमन व भाईचारे आपसी सदभाव के साथ होली पर्व मनाने का आहवान किया।

**आपसी भाईचारे व सदभाव के साथ होली मनाने का आह्वान**

# न्यौरा की चौपाल जहां होली नहीं, विरासत नाचती है

**बबराला ( अनिरूद्ध शर्मा )।** गुन्नौर तहसील के अंतर्गत आने वाला गांव न्योरा अपनी पारंपरिक होली के लिए देश भर में विशिष्ट पहचान रखता है। यहां होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक साधना है, जो आज भी उसी जीवंतता के साथ निभाई जाती है।

**बड़ी चौपाल पर सजी संगीत साधना** गांव की ऐतिहासिक बड़ी चौपाल इस उत्सव का केंद्र है। होली से कई दिन पूर्व ही यहां गायन मंडली एकत्र होना प्रारंभ हो जाती है। ढोल और मंजीरे की मधुर धुन पर बुजुर्ग होली गीत गाते हैं। इन गीतों में बारह मासों का विस्तृत वर्णन होता है। चैत्र से फाल्गुन तक श्रृतुओं की छटा, जीवन के रंग और लोकभावनाएं शब्दों में ढल जाती हैं। साथ ही वीरता से ओत-प्रोत दोहे भी गाए जाते हैं, जो ग्रामीण समाज की शौर्य परंपरा को जीवित रखते हैं। रात ढलती है, पर चौपाल पर सुरों की साधना थमती नहीं। पीढ़ियां साथ बैठकर लोक धुनों में अपने अतीत और वर्तमान को जोड़ती हैं। **चरक नृत्य** होली वाले दिन विभिन्न मंडलियां गांव की गलियों से गुजरते हुए बड़ी चौपाल पर एकत्र होती हैं। रंग, अबीर और उल्लास के बीच यहां शुरू होता है 'चरक नृत्य'कृजो इस गांव की अनकही विशेषता है। सभी प्रतिभागी एक वृत्त बनाकर गीतों की ताल पर नृत्य करते हैं। वृत्त के मध्य ढोल और मंजीरे के साथ गायन मंडली रहती है। जैसे ही गायक मंडली किसी दिशा में बढ़ती है, उस ओर खड़े दल को नृत्य की गति और उत्साह बढ़ाना पड़ता है। गीतों के विभिन्न पदों पर अलग-अलग चालें और लय अपनाई जाती हैं। जब सैकड़ों पैरों की थाप एक साथ चौपाल पर पड़ती है, तो ऐसा प्रतीत होता है मानो पूरी चौपाल हिल रही हो। यह दृश्य केवल देखा नहीं, बल्कि महसूस किया जाता है। **जीवित परंपरा की मिसाल**-डा. हरीश यादव ने बताया कि न्योरा गांव की होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि सांस्कृतिक निरंतरता का प्रतीक है। यहां आज भी परंपरा जीवित है। बुजुर्गों के कंठ से निकलते लोकगीतों में, युवाओं के उत्साहपूर्ण नृत्य में और बच्चों की जिज्ञासु आंखों में। आधुनिकता के दौर में जहां कई स्थानों पर पारंपरिक उत्सवों की चमक फीकी पड़ रही है, वहीं न्योरा की बड़ी चौपाल यह संदेश देती है कि संस्कृति केवल स्मृति नहीं, बल्कि जीवंत अभ्यास है। न्योरा की यह होली न केवल सम्भल जनपद, बल्कि पूरे देश के लिए लोकसंस्कृति का एक प्रेरक उदाहरण है। जहां रंगों के साथ परंपरा भी हर वर्ष नए उत्साह से खिल उठती है।

# होली के चक्रवर्ती सम्राट का कवि शिव कुमार के सर पर सजा ताज

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इंडियन स्कॉलर एकेडमी में आयोजित समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा, एवं वीकेश शर्मा ने किया।

इस अवसर पर दूरदराज से आए कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को शब्दों के रंगों से सराबोर करके गुदगुदाया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सुमनलता शर्मा और शिवकुमार चंदन ने माँ शारदे की वंदना की प्रस्तुति दी। होली की परंपरा अनुसार समाजसेवी और योग्य लोगों में से होली किंग का चयन किया गया, होली किंग में उमेश कुमार शर्मा, सुबोध पाल, उमेश श्रीमाली, अरविंद शंकर शुक्ला, पंकज संख्यधार, बबीता भारद्वाज एवं शिवकुमार चंदन को सर्वसम्मति से होली किंग चुनकर मंचस्थ किया गया। सभी को होली टोपी पहनाकर माल्यार्पण करके सम्मानित किया गया। गालों पर गुलाल लगाकर और फूलों की वर्षा करके उनके सम्मान में वृद्वि हुई। होली किंग बने सभी सदस्यों ने आपसी मंत्रणा के साथ कवि श्रेष्ठ शिवकुमार चंदन को होली सम्राट चुनकर अपना मुखिया घोषित किया।



सम्भल-भारतीस इतिहास संकलन समिति के समारोह में चक्रवर्ती सम्राट को ताजन पहनाकर सम्मानित करते।

होली सम्राट के सम्मान में कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। साथ ही होली के चक्रवर्ती सम्राट के रूप में प्रसिद्व कवि शिवकुमार चंदन का चयन किया गया। बदायूँ से आए सुखपाल सिंह गौर ने सुनाया फागुनी के पर्व पर सुनो मेरे भाइयों, स्फेद हरा केसरिया रंग लेकर आइए। माँ भारती के भारत में फागुनी का पर्व है,इसे शान्ति सौहार्द से मनाइए।। चंदौसी से आए संजय सृजन ने पढा- कुछ इस तरह तेरे तस्सबुर में बैठा हूँ, कि क्या कहूँ ना तू कुछ कहे ना मैं कुछ कहूँ। तूने कहा था कि साथ चलेंगे हमदम, जाने क्यों लड़खड़ा गए तेरे कदम।। उत्तराखंड के खटीमा से शांति राणा शांति ने सुनाया- इंसान की फितरत का पता ही नहीं चलता, गिरगिट है बड़ी जल्दी बदल जाता है।। युवा कवि विकास मिश्रा ने पढ़ा- कुछ धूर्त स्वयं को सरदार बता रहे हैं। चमचे खुद को वफादार बता रहे हैं। उनकी नस्ल का हमको बखूबी है पता, जो खुद को बड़ा नस्लदार बता रहे हैं।। युवा कवि अपूर्व प्रताप सिंह ने पढ़ा- लिखूँगा एक दिन कविता मैं भी,अपनी कलम में नई स्याही भरूँगा।

## ट्रैक पार करते ट्रैन की चपेट में आकर युवक की मौत

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बहजोई क्षेत्र के पाठकपुर हाल्ट रेलवे के पास दर्दनाक हादसे में 45 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी अचानक तेज रफ्तार ट्रेन आ गई। उसे सम्भलने का मौका न मिलने के कारण वह ट्रेन की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान भगवान दास पुत्र मुरली निवासी ग्राम शेरूआ के रूप में हुई है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव और आसपास के क्षेत्र में भी शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और घटना पर दुख व्यक्त किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में इसे दुर्घटना माना जा रहा है।

# ईद न मनाने का समाचार भ्रामक:मौलाना ईसार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** जुम्मा व जमात, जामा मस्जिद बुकनाला सादात के



इमाम मौलाना सैयद ईसार हुसैन नकवी ने कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित उस खबर का सख्त खंडन किया है, जिसमें उनके द्वारा 'ईद न मनाने' का कथित ऐलान किए जाने का दावा किया गया है।

मौलाना सैयद ईसार हुसैन नकवी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्होंने इस प्रकार का कोई बयान, अपील या घोषणा नहीं की है। उनके नाम से प्रकाशित की गई खबर पूरी तरह असत्य, भ्रामक और तथ्यहीन है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गलत खबरें समाज में अनावश्यक भ्रम और तनाव की स्थिति पैदा कर सकती हैं। मौलाना सैयद ईसार हुसैन नकवी ने बताया कि एक नामचीन समाचार पत्र के अलावा अन्य समाचार पत्र शामिल है। जिसमें यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई है। उन्होंने कहा कि बिना पुष्टि के इस प्रकार की खबर प्रकाशित करना पत्रकारिता की मर्यादाओं के विरुद्ध है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे अफवाहों और भ्रामक समाचारों पर ध्यान न दें तथा किसी भी सूचना को सत्यापित किए बिना उस पर विश्वास न करें। ईद इस्लाम धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जिसे सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया जाता है, इसलिए ऐसे झूठे दावों से बचना आवश्यक है। मौलाना सैयद ईसार हुसैन नकवी ने यह भी कहा कि इस संबंधमें संबंधित समाचार पत्रों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। यदि आवश्यकता पड़ी तो वैधानिक एवं कानूनी कार्रवाई पर भी विचार किया जाएगा, ताकि भविष्य में इस प्रकार की गलत जानकारी प्रकाशित न हो। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से शांति, एकता और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

**नामचीन समाचार पत्र में मौलाना के नाम से समाचार पत्र प्रकाशन करने पर बिफरे, खबर का खंडन कर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी**

## एक नज़र इधर भी



बबराला-होली के पावन पर्व पर बारात घर में हवन में आहूतियां देते।

## पर्यावरण की शुद्धता को यज्ञ आवश्यक: डा. राहुल

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** होली के पावन पर्व पर बबराला स्थित बारात घर मे आर्य समाज बबराला द्वारा आदर्श होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमे काफी संख्या में श्रृद्वालुओं ने भाग लिया। आर्य समाज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में यज्ञ द्वारा व वेद मन्त्रों के उच्चारण के साथ किया गया। इसमे श्रृद्वालुओं ने आहुति डाली। सृष्टि का पहला दिन नव सम्वत्सर 2083 वि तथा आर्य समाज का स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर समस्त नगरवासियों के सुखद, उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की गई। डा. राहुल यादव ने कहा कि यज्ञ पर्यावरण की शुद्वता को आवश्यक है। यज्ञ वातावरण को शुद्व बनाने में सहायक सिद्व होते हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम कविता पाठ और प्रवचन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों के लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर रामवीर सिंह शास्त्री, तिलक मुनी,भुवनेश आर्य, डा. राहुल यादव, सुरेन्द्र शर्मा, नवनीत गांधी, सूर्य प्रताप तनमय यादव, महेश आर्या, मनोज,जगदीश आर्य आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- गांव भदरौला में गन्ने की होली जलाते भाकियू असली कार्यकर्ता।

## भाकियू असली ने जलायी गन्ने की होली

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** गन्ना वैरायटी 5009 को सामान्य वैरायटी में खरीदने एवं भाड़े में तीन रूपया कुंतल की वृद्वि पर भाकियू असली कार्यकर्ता विरोध प्रर्दशन को सामने आ गए। कार्यकर्ताओं ने गन्ने की होली जलाकर विरोध प्रर्दशन किया और भाड़े में की गई वृद्वि आदि मांगे पूरी करने की मांग की। भाकियू असली कार्यकता व पदाधिकारी प्रादेशिक आहवान पर ग्राम भदरोला, बढ़ातजुदीन, मंडावली रसुलपुर, हरीपुर, भडवाडा, शरीफपुर, मेहराना, सिरसानाल व अलिया शेखपुर आदि गांवो में एकत्र हो गए और विरोध प्रर्दशन करने लगे। 5009 गन्ना वैरायटी को सामान्य वरायटी मे खरीद रोककर प्रदेश सरकार की सुचीनुसार अरली वैरायटी में खरीदने व गन्ना भाड़ा पर विरोध प्रकट करने लगे। गुस्साय भाकियू असली कार्यकर्ताओं ने गांवों मे गन्ने की होली जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि 5009 गन्ना वरायटी को सामान्य वरायटी मे खरीद रोककर प्रदेश सरकार की सुचीनुसार अरली वैरायटी में खरीदे तथा गन्ना भाड़ा में की गयी तीन रुपए कुंतल की वृद्वि वापस लेने व गन्ना का भाव छ सौ रूपये कुंतल करने की मांग की।

# अज्ञात ट्रक की टक्कर में पेड़ से टकराकर ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** थाना असमोली क्षेत्र में जोया रोड स्थित किसान इंटर कालेज के पास मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। ओवरटेक कर रहे अज्ञात ट्रक की टक्कर से गन्ने से लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया, जिससे ट्रैक्टर दो हिस्सों में टूट गया। हादसे में चालक को हल्की चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार, गांव अकबरपुर गहरा निवासी ललित पुत्र जयलाल ट्रैक्टर-ट्राली में गन्ना भरकर असमोली शुगर मिल जा रहे थे। जैसे ही वह जोया रोड पर किसान इंटर कालेज के समीप पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने ओवरटेक करते समय ट्रैक्टर में साइड मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक की ओर चला गया और पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए। चालक ललित ने बताया कि ट्रक चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। गनीमत रही कि उन्हें गंभीर चोट नहीं आई और केवल हल्की चोटें आई हैं।

**असमोली शुगर मिल में गन्ना डालने जा रहा था ट्रैक्टर**

## जंग का कारीगरों पर असर पड़ने की सम्भावना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ईरान अमेरिका और इजरायल के बीच हारे रहे युद्ध से जहां बड़े उद्योगपतियों को हानि की सम्भावनाएं हैं वही इसका छोटे व सींग हडडी उद्योग से जुड़े कारीगरों के सामने रोजी रोटी का संकट गहराने की सम्भावनाएं हैं। क्योंकि सम्भल से बड़े पैमाने पर मांस का निर्यात होता है जबकि सींग हडडी से बने उत्पादों की भी मांग विदेशों में अधिक रहती है। बड़े स्तर पर तैयार माल को हवाई जहाज के जरिये विदेशो में भेजा जाता है लेकिन ईरान और अमेरिका व इजरायल के बीच हो रही जंग से न केवल निर्यात होने वाला सामान को भेजना असम्भव हो जायेगा बल्कि विदेशों से आने वाला ज़रूरत का सामान भी नहीं आने से कई संकट खड़े होंगे। जबकि सींग हडडी उद्योग से जुड़े लोगों के अलावा कारीगरों को माल न मिलने पर रोजी रोटी का संकट गरा सकता है।

# दस साल की मासूम ने रोजा रखकर की दुआ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** रमजान के मुकददस माह में जहां बड़े इबादत में लीन हैं वहीं बच्चों का जज्बा भी कम नहीं हैं। दिन भर भूखे प्यासे रहकर रोज़ार रखकर खुदा की इबादत में आगे हैं। 10 वर्षीय मासूम ने रोज़ा रखकर न केवल घर परिवार की खुशियों की बल्कि देश दुनिय में अमन व तरक्की की दुआ मांगी।

तुर्तीपुर इल्हा निवासी हजरा तारिक डा. तारिक की बेटी हैं। उम्र के दस वर्ष पूरे करते हुए अपने माता-पिता और अन्य लोगों को रमजान माह के मुकददस माह का अहतराम और रोज़ा रखते देखकर मासूम ने रोजा रखने के निर्णय लिया। अपने जीवन का पहला रोज़ा रखकर हाजरा तारिक ने अपने परिवार के साथ देश दुनिया में भी तरक्की और अमन की दुआ के लिए अपने हाथ उठाये। मासूम के रोजा इफ्तार में क्षेत्रीय सांसद जि;याउर्रहमान बर्क ने भी पहुंचकर दुआएं दी। इस दौरान सांसद ने कहा कि यह पहला रोजा उनके परिवार और क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का पल है। उन्होंने कहा कि रोजा सिर्फ भूख और प्यास सहने का नाम नहीं है, बल्कि यह इंसान को संयम, धैर्य और दूसरों के लिए दुआ करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने मुल्क में अमन-शांति की कामना करते हुए कहा कि सभी लोग मिलजुल कर एक-दूसरे के सुख दुख में सहभागी बनें। इस अवसर पर पहुंचे और बच्चों में धार्मिक शिक्षा और आध्यात्मिक अभ्यास के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बच्चों को छोटी उम्र से ही संयम, धर्म और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना आवश्यक है। हजरा तारिक का पहला रोजा न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे परिवार और समुदाय के लिए प्रेरणादायक रहा। इस दौरान जमाल एडवोकेट, मुजम्मिल हयात, समाजसेवी नाजिर खां, आमिर खा,खिजर खां,जावेद खां, पपन खां,जुबैर खां आदि मौजूद रहे।





सम्भल- टीले वाली मस्जिद में मुकददस किताब मुकम्मल होने पर खुशी का इजहार करते।

## टीले वाली मस्जिद में मुकददस किताब हुई मुकम्मल

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** नमाजे तरावीह के दौरान कुरआने पाक मुकम्मल हो गया। नातो मनकबत की महफिल सजाई गई और कुरआन सुनाने वाले इमाम हजरात को सम्मानित किया गया। माहे रमजानुल मुबारक के पाक महीने मे क्षेत्र के टीले वाली मस्जिद सय्यद निजामउद्दीन मे नमाजे तरवीह के दौरान इमाम साहब ने कुरआने पाक की तिलावत की। कुरआन पाक मुकम्मल होने पर मस्जिद मे महफिल सजाई गई और नात ख्वां ने नातो मकनबत पेश किए। इंतेजामिया कमेटी की और से कुरआन पाक सुनाने वाले इमाम साहब का फूलो से इस्तकबाल किया गया और नजराने पेश करते हुए सम्मानित किया गया। अंत मे अमन शांति और मुल्क व शहर की खुशहाली के लिए दुआ की गई और नमाजियों को तर्बरूक बांटा गया। इस मौके पर कार्यक्रम मे सै. मुशर्रफ हुसैन, सै. सौहराब अली, सै. अरशद आदि मौजूद रहे।

# समय के साथ होली का अंदाज़ बदला

**रंगा का पर्व ही नहीं सामाजिक समरसता का होती थी प्रतीक**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** होली का स्वरूप पारंपरिक रंग छोड़ आधुनिकता की ओर बढ़ गया है। सबसे बड़ा बदलाव पारंपरिक फाग गीतों की जगह डीजे संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के रूप में देखा जा रहा है।

पहले महिलाओं की टोलियां होली के दिन इन गीतों को गाती थीं। पुरुष और बच्चे भी ढोल की थाप पर गांव-गांव घूमकर इस उत्सव को मनाते थे। अब यह संस्कृति लुप्त होती जा रही है। यह टोलियां न के बराबर ही दिखती हैं। पहले होली का मतलब ढोलक की थाप, मंजीरे की झंकार और फाग गीतों की मधुर स्वर लहरियां होती थी। आंगन में बैठकर गीत गाए जाते, बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया जाता और फिर गुलाल लगाया जाता। गीतों में हास्य, व्यंग्य और लोक संस्कृति की झलक मिलती थी। होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का प्रतीक हुआ करती थी। घरों में गुजिया मालपुआ, पापड कचरी, पकौड़े और अन्य पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते। अब यह सब गायब है। अब ढोलक और फाग की जगह बड़े स्पीकर और डीजे सेट ने ले ली है। नगर के अधिकतर मोहल्लों में युवा डीजे की धुनों पर रंगों के साथ झूमते नजर आते हैं। फिल्मी गीतों, रीमिक्स और पंजाबी बीट्स पर होली मनाना युवाओं के लिए आकर्षण बन गया है।

## ग्रीन सम्भल क्लीन सम्भल अभियान की शुरूआत

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** मानव विकास जन सेवा समिति की बैठक में ग्रीन सम्भल-क्लीन सम्भल नारा देकर मौहल्ला फतेहउल्ला सराय से शुरूआत की। याहर को सुंदर बनाने के लिए शुरू किए इस अभियान की जानकारी देते हुए डा. नाजिम ने कहा कि सम्भल गंगा जमुनी तहजीब वाला शहर है। लेकिन कहीं-कहीं गंदगी के अम्बार हे। उन्होने कहा कि लोगों को सोच बनानी होगी कि जिस प्रकार अपने घर की सफाई की जाती है उसी तरह मौहल्ले को भी साफ सुथरा रखना है। इस मौके पर फारूक जमाल एड., मोहसिन अली, महावीर सिंह यादव, अली हसन, शकील अब्बासी, इरशाद अंसारी, जमीर अंसारी आदि मौजूद रहे।

# रमजान माह में गरीबों की मदद करने से होती है बरकत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** ग्राम शहबाजपुर कलां निवासी हाजी साजिद अली



ने कहा कि मुकददस किताब में उपवास का उद्देश्य आध्यात्मिक रान में उपवास का उद्देश्य आध्यात्मिक रूप से पवित्र होना है। पैगंबर मुहम्मद साहब के कथन में स्पष्ट है कि रोजा केवल खाने-पीने का ही नहीं बल्कि बुरा देखने, बुरा सुनने और बुरा बोलने से भी परहेज है। चुगली करना, क्रोध करना, झूठ बोलना, किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना, धोखा देना भी रोजे को अमान्य कर देते हैं। उपवास का सामाजिक महत्व भी है। रमजान के महीने में दान को प्रोत्साहित किया जाता है। उपवास करने वाला व्यक्ति गरीब और भूखे लोगों की व्यथा को बेहतर ढंग से समझ सकता है तथा उनकी और अधिक मदद कर सकता है। हर धर्म में विश्वास के लिए धैर्य बहुत जरूरी है। उपवास व्यक्ति को अधिक धैर्यवान बनाने का प्रशिक्षण है। रमजान-ए-पाक महीने में अमन की दुआ करें। यह ऐसा वक्त है कि हम सब मिलकर गरीबों और मजलूमों की मदद करें, इसी से बरकत आएगी। इबादत के अलावा भी हमारी कुछ जिम्मेदारियां हैं। जाति-धर्म का भेद छोड़कर मदद करना हमारी तालीम का हिस्सा है। इस मुबारक महीने में इंसान अपने खुदा का मेहमान होता है। सबकी मदद करना अल्लाह की इबादत से कम नहीं है। रूप से पवित्र होना है। पैगंबर मुहम्मद साहब के कथन में स्पष्ट है कि रोजा केवल खाने-पीने का ही नहीं बल्कि बुरा देखने, बुरा सुनने और बुरा बोलने से भी परहेज है। चुगली करना, क्रोध करना, झूठ बोलना, किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना, धोखा देना भी रोजे को अमान्य कर देते हैं। उपवास का सामाजिक महत्व भी है। रमजान के महीने में दान को प्रोत्साहित किया जाता है। उपवास करने वाला व्यक्ति गरीब और भूखे लोगों की व्यथा को बेहतर ढंग से समझ सकता है तथा उनकी और अधिाक मदद कर सकता है।

**पवित्र माह में दान करने को करें प्रोत्साहित**

# पिता-पुत्र की मौत से होली हुई बेरंग, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र के कुढ़फतेहगढ़ में एक परिवार में पिता पुत्र की सड़क दुघर्टना में हुई मौत से होली का त्योहार मातम में बदल गया।

कुढ़फतेहगढ़ निवासी गेंदनलाल (55) अपने पुत्र शेर सिंह (19) के साथ अपनी ससुराल उघैती थाना क्षेत्र के गांव करनपुर में गमी की होली के अवसर पर मटुकिया देने बाइक से गये थे।

सोमवार की देर शाम घर को वापस लौटते समय बिसौली-इस्लामनगर रोड़ पर करनपुर के निकट सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर से दोनों बाइकों पर सवार चार लोग दूर जा गिरे। चारों





घायलों को पुलिस ने साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां चिकित्सकों ने गेंदनलाल व शेर सिंह को मृत घोषित कर दिया।

मौत की खबर मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया। अचानक हुए हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया। पिता पुत्र की मौत से ग्रामीणों की भी आंखें नम हो गई। मंगलवार को घर से एक साथ उठीं दो अर्थियों को देख हर किसी की आंखें नम हो गई।



## एक नजर

### खरक मजार में होली उत्सव मेला का आयोजन, भाईचारे का पैगाम



**मूंढापाण्डे।** क्षेत्र के गांव बीरपुर वरयार उर्फ खरक में तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ दोपहर से किया जाएगा , ग्रामीणों से सहभागिता की अपील की है,यह होली उत्सव मेला तीन दिनों तक बीरपुर वरयार के गांव की मजार पर चलेगा, जिसमें हर्बल गुलाल, स्थानीय उत्पादों की स्टॉल लगाई जाएगी। साथ ही इन स्टॉलों पर हस्तशिल्प सामग्री भी उपलब्ध रहेगी।ग्रामीणों ने अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर होली उत्सव मेले की शोभा बढ़ाएं और आपसी भाईचारे एवं उत्साह के साथ पर्व का आनंद लें, ग्राम प्रधान इरफान अली ने बताया कि इस गांव होली पर मजार पर मेला लगाना पुरानी परंपरा है ,हमारे गांव के अंदर वर्षों से बाबा शाह मियां का वर्षो पुराने मजार पर होली का मेला लगता चला आ रहा है , दूर दराज से इस मजार पर अकीदत मंद और श्रदालु आते है और उनकी मुरादें भी पूरी होती हैं और भाईचारा भी बना रहता है

### प्रेम, सदभाव और एकता का प्रतीक रंगोत्सव आपके जीवन में लाए नई खुशियां: चांसलर

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने कहा, प्रेम, सदभाव और एकता का प्रतीक रंगोत्सव आपके जीवन में नई ऊर्जा, नया उत्साह, नई खुशियां लेकर आए। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 25 बरसों से देश और दुनिया के स्टुडेंट्स को उच्च गुणवत्ता वाली रोजगारपरक शिक्षा प्रदान कर रही है। यूपी बोर्ड के संग-संग सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले स्टुडेंट्स को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा, आप अच्छे परिणामों से अपने माता-पिता के संग-संग अपने स्कूल और शहर का नाम रोशन करें। टीएमयू हॉस्पिटल में उम्दा चिकित्सा सेवाएं देने के प्रति भी हम प्रतिबद्ध हैं। हम 70 साल से अधिक के सभी बुजुर्गों, आयुष्मान कार्ड धारकों, सभी टीपीएस और अन्य स्वास्थ्य कार्ड धारकों और उनके परिवारों को नि:शुल्क इलाज की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। टीएमयू हॉस्पिटल में गर्भवती महिलाओं की नॉर्मल और सिजेरियन डिलीवरी, दवाइयां, अल्ट्रासाउंड और सभी जांचें पूर्णत: फ्री हैं। डिलीवरी के बाद महिलाओं को उचित आहार के लिए चार हजार रूपए की धनराशि भी दी जा रही है। अंत में उन्होंने सभी देशवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई देते हुए कहा, आप सभी के जीवन में सुख और समृद्धि के रंग सदैव बरसते रहें।



TMU
Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC

# चालक को आई झपकी ईको गाड़ी खंदी में गिरी



**चन्दौसी।** होली मनाने घर लौट रहे लोगों से भरी एक ईको गाड़ी रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

बताया गया कि चंडीगढ़ से सवारियां लेकर संभल जनपद के बहजोई की ओर जा रही ईको गाड़ी टी0226सीएच 4659ए अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चालक लंबी दूरी से लगातार वाहन चला रहा था और उसे झपकी आने से हादसा हुआ। गनीमत रही कि चालक ने स्थिति संभालने का प्रयास किया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर यात्रियों को बाहर निकाला। वाहन में सवार कुछ लोगों को हल्की चोटें आई हैं, जिनका उपचार कराया गया।

# गरीब बेसहारा परिवारों को GNRF ने रमजान राशन किट घर घर पहुंचाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नगर के विभिन्न मोहल्लों में दावते इस्लामी इंडिया की कल्याण शाखा गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (जीएन आरएफ) ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए इस वर्ष भी रमजान राशन पैक वितरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस शुभ महीने में, कई लोगों ने जरूरतमंदों की मदद करने के इस नेक काम में अपना योगदान दिया, जिससे बड़ी संख्या में परिवारों को लाभ हुआ यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी-2) यानी जीरो हंगर और एसडीजी-1 यानी नो पॉवर्टी के तहत लोगों को भूख और गरीबी से मुक्त कराने की दिशा में एक कदम है। इस कार्यक्रम के तहत जरूरत मन्द परिवारों को राशन किट वित. रित किए गए। प्रत्येक राशन किट में दैनिक आवश्यक खाद्य सामग्री होती है, जो पूरे रमजान के दौरान परिवार के लिए पर्याप्त होगी। इनमें चावल, आटा, दालें, चीनी, चाय, खजूर, मसाले और अन्य जरूरी चीजें शामिल थीं। दावते इस्लामी हिंद के जिला अध्यक्ष अरकान कादरी अत्तारी ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी दानदाताओं, स्वयंसेवकों और सहयोगियों को हार्दिक धन्यवाद दिया और कहा कि हमारी संस्था इसी प्रकार से मानवता की सेवा करती रहेगी और भविष्य में भी ऐसे नेक कार्य करने का हमारा संकल्प है हम सभी से प्रार्थना और सहयोग का अनुरोध करते हैं ताकि हम भविष्य में और अधिक जरूरतमंद लोगों की मदद कर सकें। इस अवसर पर फरजन्द अली गौसे आलम अत्तारी गुलाम नबी अत्तारी अब्दुल रऊफ अत्तारी फरमान अत्तारी जुनैद अत्तारी अबूनसर आदि मौजूद रहे।




## चीता ग्रुप की अग्निवीर दौड़ में अभिषेक प्रथम



**चन्दौसी।** चीता ग्रुप-4 के तत्वावधान में अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अभिषेक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रीतम द्वितीय और कमल तृतीय स्थान पर रहे। विजेता प्रतिभागियों को आयोजक सोनू, पुलेन्द्र प्रधान, फहीम एवं अन्य सदस्यों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को सेना भर्ती के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी शारीरिक तैयारी को मजबूत बनाना बताया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बेरनी के निकट चन्दौसी-बिचौटा चौराहा रोड पर सोमवार की देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बिचौटा चौराहे की ओर जा रहे बाइक सवार घायल हो गए। सोमवार की देर शाम राजवीर पुत्र रामौतार व चन्द्रसेन पुत्र मुकन्दी निवासी अटबा बाइक द्वारा चन्दौसी से बिचौटा चौराहे की ओर जा रहे थे तभी बेरनी मोड पर सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से राजवीर व चन्द्रसेन घायल हो गए। दोनों घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी चन्दौसी भिजवाया गया।

# यातायात पुलिस अलर्ट, मुख्य बाजारों में बढ़ाई गई सख्ती

**चन्दौसी।** होली पर्व के मद्देनजर नगर में बढ़ती भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करते हुए प्रभारी यातायात दुष्यंत बालियान द्वारा मुख्य बाजार क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। बाजारों में अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए मुख्य चौराहों एवं तिराहों पर यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ई-रिक्शा एवं अन्य वाहनों के संचालन पर भी विशेष निगरानी रखी गई, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाकर चलने वाले तथा बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के चालान किए गए तथा उन्हें भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।



# प्रात:काल की बेला में हुआ होलिका दहन

## कई स्थानों पर सोमवार शाम को ही जली होलिका

**चन्दौसी।** रंगों के पर्व होली से पूर्व नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन को लेकर श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस वर्ष विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग समय पर होलिका दहन किया गया। मंगलवार को प्रात:काल की बेला में शुभ मुहूर्त के अनुसार कई मोहल्लों में विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया गया, जबकि कुछ स्थानों पर सोमवार की शाम को ही परंपरा के अनुसार होलिका जला दी गई। मंगलवार सुबह श्रद्धालु स्नान कर पूजा की थाल सजाकर होलिका स्थल पर पहुंचे। महिलाओं ने रोली, अक्षत, फूल, माला और नई फसल की गेहूं-चना की बालियां अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की। परंपरानुसार होलिका की परिक्रमा की गई तथा अग्नि में नारियल और उपले अर्पित किए गए। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने ढोल-नगाड़ों और होली के गीतों के बीच अग्नि के चारों ओर घूमकर त्योहार का आनंद लिया। वहीं जिन स्थानों पर सोमवार की शाम को होलिका दहन किया गया, वहां भी श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी। शाम ढलते ही लोगों ने एकत्र होकर पूजा-अर्चना की और निर्धारित मुहूर्त में होलिका प्रज्ज्वलित की। होलिका दहन के साथ ही लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और अबीर-गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। नगर के विभिन्न चौराहों और मोहल्लों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क रहा। पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। आयोजन समितियों द्वारा भी शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। आज बुधवार को मुख्य होली का पर्व मनाया जायेगा। बाजारों में गुलाल, पिचकारी और मिठाइयों की जमकर खरीदारी हुई।



# टीएमयू कैंपस में होली के रंगों में सराबोर नजर आए स्टुडेंट्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के स्टुडेंट्स कैंपस में होली पर रंगों में सराबोर नजर आए। विशेषकर नवागत और अंतिम बरस के छात्रों में होली पर्व का उत्साह अधिक देखने को मिला। अपने-अपने घरों की रवानगी से पूर्व न केवल डे स्कॉलर्स, बल्कि हॉस्टलर्स ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर जमकर ठुमके लगाए। साथ ही सेल्फी और ग्रुप फोटो क्लिक करने से नहीं चूके। जैसे होली के रंग चमकते हैं, वैसे ही आपका जीवन भी खुशियों से जगमगाता रहे.. गुलाल की महक आपके जीवन में खुशियाँ घोल दे.... सरीखे वाक्यों से एक दूसरे को हैप्पी होली विश की। मेडिकल, डेंटल, टिमिट, सीसीएसआईटी, सीओई आदि कॉलेजों के स्टुडेंट्स इस मस्ती में शामिल रहे। फैकल्टीज ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर कहा, बुरा न मानो होली है। फ्रेशर्स स्टुडेंट्स ने अपने सीनियर्स को रंग-बिरंगे गुलाल लगाया तो फाइनल ईयर के स्टुडेंट्स ने फेयरवेल पार्टी की मानिंद होली को सेलिब्रेट किया।

रंग-बिरंगे परिधानों में स्टुडेंट्स को पहचान पाना भी मुश्किल हो गया। ई-लॉबी में स्टुडेंट्स ने दोस्तों के रंग अपने पसंदीदा व्यंजनों का लुफ्त भी उठाया। हॉस्टल्स में होली के पर्व पर डीजे पर छात्र-छात्राएं खूब थिरके। डेंटल के स्टुडेंट्स ने रंग बरसे भीगे चुनर वाली..., बलम पिचकारी जो तुने मुझे मारी....सरीखे गानों पर ठुमके लगाए। बालीवुड, हालीवुड, पंजाबी, हरियाणवी, राजस्थानी सरीखे गानों की धुनों पर इस होली के रंग अविस्मरणीय हो गए। इस मौके पर एमबीबीएस से आरुषी, एमडीएस से डॉ. हर्षित सेठी, डॉ. मुकुल धान्या, बीडीएस से प्रवचन, एमबीए से आर्जव आदि मौजूद रहे।



# पत्नी से नाराज पति ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के मिलक सिहोराबाजे मे मंगलवार सुबह पत्नी से कहासुनी के बाद नाराज पाति ने मूंढापांडे रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर पहुंचकर मुरादाबाद से आ रही ट्रेन के आगे कूदकर जान दी। गुड्डू (25) हिमाचल मे मजदूरी करने गया था चार महीने मे होली मनाने मंगलवार सुबह घर आया था। उसकी पत्नी रामवती से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

इससे नाराज होकर गुड्डू रेलवे स्टेशन मूंढापांडे के पास रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया इस दौरान मुरादाबाद की ओर से आ रही दून ट्रेन के आगे कूद गया जिससे उसकी मौके पर मृत्यु हो गई सूचना पर गई रेलवे पुलिस ने शव एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के बेटी सुहानी अना. मिका बेटा शिवा है।

# टिमिट मे 'रंग मिलन एवं एलुमनी (पूर्व छात्र) मीट' का भव्य एवं रंगारंग आयोजन

**मुरादाबाद।** टिमिट मे "रंग मिलन एवं एलुमनी (पूर्व छात्र) मीट 2026" का भव्य एवं रंगारंग आयोजन अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्रों, वर्तमान विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं प्रबंधन के मध्य आपसी संबंधों को सुदृढ़ करना तथा संस्थान के साथ भावनात्मक जुड़ाव को और अधिक प्रगाढ़ बनाना था। पूरे परिसर में रंगों की मनोहारी छटा, गुलाल की सुगंध, संगीत की मधुर धुनों तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को आनंदमय और जीवंत बना दिया। एलुमनी सदस्यों ने अपने विद्यार्थी जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए वर्तमान विद्यार्थियों को करियर, व्यक्तित्व विकास और पेशेवर चुनौतियों से जुड़ी महत्वपूर्ण सलाह दी, जिससे छात्रों को प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है, जो रिश्तों को नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि संस्थान के पूर्व छात्र उसकी सबसे बड़ी धरोहर हैं, जिनकी उपलब्धियाँ टिमिट की गुणवत्ता, अनुशासन और उत्कृष्ट शिक्षा का प्रमाण हैं। कार्यक्रम के दौरान संवाद सत्र, मनोरंजक गतिविधियाँ, पारंपरिक व्यंजन एवं सामूहिक सहभागिता ने सभी को एक सूत्र में पिरो दिया। अंत में संस्थान प्रशासन ने सभी आगंतुकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक एवं संबंधों को सशक्त बनाने वाले आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया।



# रेलवे फाटक के पास पटरी पर मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

मुरादाबाद।जनपद के थाना कटघर क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब गुलाब बाड़ी रेलवे फाटक स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास रेल की पटरी पर एक युवक का शव पड़ा मिला। सुबह टहलने निकले स्थानीय लोगों की नजर जब पटरी पर पड़े शव पर पड़ी तो उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। शव पटरी के किनारे पड़ा हुआ था और आसपास खून के निशान भी दिखाई दे रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय लोगों ने तुरंत स्थानीय पुलिस और जीआरपी थाने को सूचना दी। सूचना पाकर थाना कटघर पुलिस और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर मृतक की



पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक शिनाख्त नहीं हो सकी। युवक के पास से कोई पहचान पत्र या मोबाइल फोन बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी पहचान करने में कठिनाई हो रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भिजवा दिया है।प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है, हालांकि यह हादसा है या आत्महत्या, इस संबंध में अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है।घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे फाटक के पास पूर्व में भी हादसे हो चुके हैं, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। पुलिस का कहना है कि मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# होली पर सूतक का सायाः सुरजन नगर में मंदिरों के कपाट बंद, बाजारों से रौनक गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** रंगों और उल्लास के पर्व होली पर इस बार आस्था और परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिला। सुरजन नगर चौकी क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में होली के पावन अवसर पर सूतक लगने के कारण धार्मिक स्थलों और मंदिरों में सन्नाटा पसरा रहा। सूतक की धार्मिक मान्यताओं के चलते सुबह से ही मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए, जिससे उत्सव के माहौल में एक ठहराव सा महसूस हुआ।

चौकी क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्धपीठों और मोहल्लों के छोटे-बड़े सभी मंदि. रों में सुबह की आरती के बाद ही पट बंद कर दिए गए थे। पुजारियों के अनुसार, सूतक काल के दौरान देव प्रतिमाओं का स्पर्श और पूजन वर्जित होता है, जिसके कारण कपाट बंद रखने का निर्णय लिया गया। जो



श्रद्धालु होली पर विशेष पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुँचे, उन्हें बाहर से ही मत्था टेककर संतोष करना पड़ा। मंदि. रों से आने वाले भजनों और घंटों की गूँज आज शांत रही। जिससे सूतक का सीधा असर स्थानीय बाजारों पर भी देखने को मिला। अमूमन होली के दिन बाजार गुलजार रहते हैं, लेकिन इस बार खरीदारी के लिए निकलने वाले लोगों की संख्या काफी कम रही। मिठाई, फूलों और पूजा सामग्री की दुकानों पर ग्राहक नदारद रहे, जिससे व्यापारियों के चेहरों पर मायूसी दिखी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सूतक के कारण लोग घरों में ही रहे और बाहरी गतिविधियों को सीमित रखा।क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने बताया कि सूतक काल में शुभ कार्य और सार्वजनिक पूजा वर्जित मानी जाती है, इसलिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों ने पूरी निष्ठा के साथ इस परंपरा का निर्वहन किया। शाम को सूतक काल समाप्त होने के बाद ही मंदिरों की शुद्धि और पुनः पूजन की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।

# होली पर्व को लेकर सिविल लाइंस क्षेत्र में पुलिस का फ्लैग मार्च, ड्यूटी पर तैनात जवानों को दिए दिशा-निर्देश

**मुरादाबाद।** होली पर्व के मद्देनजर जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस के नेतृत्व में थाना सिविल लाइंस पुलिस बल द्वारा क्षेत्र में पैदल गश्त एवं फ्लैग मार्च किया गया।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, बाजारों और संवे. दनशील स्थानों का निरीक्षण किया। साथ ही होलिका दहन स्थलों पर पहुंचकर वहां तैनात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी चेक की गई। अधिकारियों ने ड्यूटीरत पुलिस बल



को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।क्षेत्राधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, हुड़दंग या शांति भंग करने की को. शिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने तथा अफवाहों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और व्यापारियों से संवाद स्थापित कर शांति एवं भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की। साथ ही आमजन से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा गया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।पुलिस प्रशासन का कहना है कि होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है और क्षेत्र में लगातार गश्त जारी रहेगी।

# होली मिलन समारोह में एक दूसरे के रंग और गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामनाएं

**ठाकुरद्वारा।** होली की पूर्व संध्या पर नगर में सोमवार को रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम भाईचारे के बीच संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों द्वारा होली मिलन समारोह गत वर्षो की भांति नगर के रामलीला मैदान में किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ में सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर नगर संचालक और भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह, आचार्य गजेंद्र पाल सिंह, राकेश चौहान, पवन पुष्पद, के द्वारा पुष्प अर्पित कर विधिवत रूप से पूजन के साथ प्रारंभ किया। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों ने एक दूसरे को



गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि प्राचीन काल से ही होली मनाने की परंपरा भारत में चली आ रही है । होली पर्व पर बीते वर्ष में यदि किसी का एक दूसरे से कोई मनमुटाव हो जाता है तो होली के दिन एक दूसरे गुलाल लगाकर और गले मिलकर दूर कर एकजुटता का आह्वान करते हैं। होली मिलन कार्यक्रम के पश्चात नगर में स्वयंसेवकों ने होली की चौपाई के रूप में देशभक्ति गीत गाते हुए ढोल नगाड़ो और डीजे की धुन पर नगर के मोहल्ला कोतवाली , बुधबाजार, बाजार गंज, कदीरा तिराहा,शगुन चौराहा , तहसील बस स्टैड, बड़ा बाजार से होते हुए रामलीला मैदान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आशुतोष अग्रवाल, विपुल अग्रवाल,नितिन अग्रवाल, अशोक चौहान आदि शामिल रहे।

# रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** गांव शाहपुर में रास्ते के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। विवाद में एक पक्ष से दंपति समेत चार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। चिकित्सकों ने घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में ग्रामीण हरवंश पुत्र प्रसादी ने बताया है कि रास्ते को लेकर पड़ोसी फूल सिंह से छोटे भाई पन्नू से कहासुनी हो गई थी। इस पर फूल सिंह, अमर सिंह, रामपाल और कमल सिंह अपने हाथों में लोहे के पाईप व सरिये लेकर आ गये और मां-बहन की गालियां देने लगे। मना किया तो आरोपियों ने लाठी-डन्डो, सरियों व लोहे के पाइपों से उन्हें व उनके परिवार को बुरी तरहा मारा पीटा। घटना में हरवंश, उनकी पत्नी शिला, भाई पन्नु, भाभी इननकी और भतीजे संजय को गंभीर चोटें लगी हैं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आरो. पियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जनपद में शांति व्यवस्था भंग करने पर पुलिस ने 13 लोगों को किया गिरफ्तार, 2 वारंटी भी न्यायालय में किए पेश

**मुरादाबाद।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में 13 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

इसके साथ ही 2 वारंटियों को भी हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, के निर्देशानुसार की गई। अभियान के तहत जनपदीय पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में संभावित उपद्रवियों और वांछित अभियुक्तों के खिलाफ सख्त कदम उठाए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए 13 व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 170/126/135 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। इन धाराओं के तहत शांति भंग की आशंका या सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित करने की स्थिति में निरोधात्मक कार्रवाई की जाती है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शांति व्यवस्था भंग करने के मामलों में थाना भगतपुर क्षेत्र से 3, थाना बिलारी से 2, थाना भोजपुर से 2, थाना कुन्दरकी से 5 तथा थाना मुगलपुरा से 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी




प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया। इसके अतिरिक्त थाना बिलारी पुलिस ने 2 वारंटियों को भी गिरफ्तार किया, जिनके खिलाफ न्यायालय से पूर्व में गिरफ्तारी वारंट जारी थे। पुलिस का कहना है कि वारंटियों की गिरफ्तारी से लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

आगामी त्योहारों और संवे. दनशील अवसरों को देखते हुए पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 24.03.2026 है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 15:30 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 04-GSU-MB-25-26 02.03.2026 |
| कार्य का नाम | ABSS: Construction of 1st floor at NBD station and improvement of circulating area at Najibabad, 6m FOB civil work at Gajraula station, misc. work at KTW over Moradabad Division |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 24.03.2026 15:30 Hrs. |
| अनुमानित लागत | 45809985.90 |
| धरोहर राशि | 379100.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 10.03.2026 |

**सं.: Dy.CE/GSU/MB/Publication-04/25-26 दिनांकः 02.03.2026** **720/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई-टेंडर जिनके बंद होने की तिथि **31.03.2026** है। निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन **15:30 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या, दिनांक | **05-GSU-MB-25-26, 03.03.2026** |
| कार्य का नाम | Improvement of Circulating Area, Pathway, Drainage, elevation improvement, concourse development, FOB civil work under ABSS work at Rampur Station, Amroha, SPN, Hardoi and Hapur station under Dy. CE GSU MB in Moradabad Division Divyangjan Parking, In & Out Gate and other Misc. Works at Rampur Station, GJL FOB Foundation work, HPU FOB Civil Work, AMRO PF Civil Work under ABSS, in the Jurisdiction of Dy. CE/GSU/MB |
| टेन्डर क्लोरिंग दिनांक/समय | 31.03.2026, 15:30 Hrs. |
| अनुमानित लागत (रु.) | 6,94,40,082.35 |
| धरोहर राशि (रु.) | 4,97,200.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 17.03.2026 |

**सं.: Dy. CE/GSU/MB/Publication-05/25-26 दिनांकः 03.03.2026** **730/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई-टेंडर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नालिखित टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेंडर संख्या | 313-DRM-MB-25-26 Date: 25.02.2026 | 314-DRM-MB-25-26 Date: 25.02.2026 | 316-DRM-MB-25-26 Date: 25.02.2026 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Safety work related misc. track works in the section of SSE/P.Way/DPR under ADEN/NBD. | Safety work related misc. track works in the section of SSE/P.Way/KNT under ADEN/NBD | Improvement of PWI Store cum office at AMRO and BJO under ADEN/GJL. |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 27.03.2026/16:00 | 27.03.2026/16:00 | 27.03.2026/16:00 |
| अनुमानित लागत(₹) | ₹89,67,400.70 | ₹89,64,593.34 | ₹54,96,523.08 |
| धरोहर राशि(₹) | ₹1,79,400.00 | ₹1,79,300.00 | ₹1,09,900.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | 08 माह | 06 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 13.03.2026 | 13.03.2026 | 13.03.2026 |

**टेंडर नं.: Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक.: 02.03.2026** **719/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सूचना आम**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मोहल्ला किला, कस्बा व परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर स्थित एक आवासीय मकान बैनामा शुदा बही सख्या 01, जिल्द संख्या 9666, पृष्ठ संख्या 337/364, क्रमांक संख्या 21361, दिनांक 05-11-2016 वास्तव में दिनांक 15-02-2026 को अफजलगढ़ के मैन बाजार में बैनामा खो गया है। काफी तलाश करने पर भी खोया गया मूल बैनामा उपरोक्त विवरण वाली नहीं मिल पाया है। यदि किसी को खाया गया उक्त विवरण वाला मूल बैनामा मिलता है तो उसे वापस करने पर उचित इनाम दिया जाएगा।

**रेशमा नाज पत्नी जफर इकबाल निवासी मोहल्ला जैनुल आबिदीन कस्बा व परगना अफजलगढ़ तहसील धामपुर जिला बिजनौर।**

# एसपी ग्रामीण ने भोजपुर थाना क्षेत्र में रात्रि ड्यूटी का किया निरीक्षण

**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने रात्रि में थाना भोजपुर क्षेत्र में रात्रिकालीन ड्यूटी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न ड्यूटी प्वाइंटों पर तैनात पुलिस कर्मियों की उपस्थिति, सतर्कता और कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ग्रामीण ने थाना परिसर एवं आसपास के प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

उन्होंने विशेष रूप से सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि संवेदनशील स्थानों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि अपराधों की रोकथाम और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कुंवर आकाश सिंह ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चें. कंग की जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए। साथ ही, क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आमजन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने पर भी बल दिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित थाना प्रभारी को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ग्रामीण ने स्पष्ट किया कि ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस औचक निरीक्षण से पुलिसकर्मियों में सक्रियता देखी गई तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया।



# अनीस हत्याकांड में बढ़ा शिकंजा, दो और आरोपी गिरफ्तार

**कुंदरकी।** नगर में टायर कारोबा. री अनीस की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अतिरिक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इससे पहले मुख्य आरोपी पहले ही आत्मसमर्पण कर चुका है। विदित हो कि शुक्रवार को अनीस की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अचानक हुई इस वारदात से बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई थी और लोगों में दहशत का माहौल बन गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था।घटना के बाद मुख्य आरोपी अरमान ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया था। उससे की गई गहन पूछताछ में अन्य लोगों की भूमिका सामने आई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर छापेमारी कर दो और आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या की साजिश में शामिल सभी लोगों को कानून के दायरे में लाया जाएगा। प्रारंभिक जांच में आपसी विवाद को घटना की वजह माना जा रहा है, हालांकि अन्य बिंदुओं पर भी जांच जारी है।

फिलहाल तीनों आरोपी सलाखों के पीछे हैं और पुलिस पूरे मामले की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जेई पर मजदूरों के साथ मारपीट करने का आरोप घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल



**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान पर कथित मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ गया है। आरोप है कि मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के एक अवर अभियंता ने मौके पर पहुंचकर मजदूरों के साथ हाथापाई की, जिससे अफरा-तफरी मच गई और दो श्रमिक छत से नीचे गिरकर घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किसी विवाद को लेकर कहासुनी हुई जो देखते ही देखते बढ़ गई। वायरल वीडियो में एक व्यक्ति को डंडा लिए मजदूरों की ओर बढ़ते देखा जा रहा है। स्थानीय लोग उसे एमडीए का अवर अभियंता बता रहे हैं। घटना के समय विभाग के अन्य कर्मचारी भी आसपास मौजूद बताए जा रहे हैं।हंगामे के दौरान दो मजदूर संतुलन खोकर छत से नीचे गिर पड़े। परिजनों का कहना है कि मारपीट और भगदड़ के कारण वे खुद को संभाल नहीं सके। हादसे में एक मजदूर के दोनों पैरों में गंभीर चोट आई है, जबकि दूसरे के हाथ में फ्रैक्चर बताया गया है। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।घटना के बाद इलाके में रोष है। स्थानीय लोगों ने अधिकारियों के आचरण पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। मजदूरों का कहना है कि वे रोजी-रोटी कमाने आए थे, लेकिन उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। पाकबड़ा थाना पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट और वीडियो फुटेज को साक्ष्य के रूप में परखा जा रहा है। वहीं, जांच के निष्कर्षों के आधार पर विभागीय स्तर पर भी कार्रवाई संभव है।

# रमजान है बरकत और नेकी का महीना: फहमीदा सुल्तान



**कांठ ( शाह टाइम्स )** रमजान बरकत और नेकी का महीना हैं यह कुरान पाक की तिलावत और अल्लाह के जिक्र का महीना है इस पाक महीने में मुसलमान का दीनी जज्बा और इस्लाम की सारी ख्वाहिश उभर कर सामने आ जाती है। उक्त विचार सदस्य उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा मुरादाबाद फहमीदा सुल्तान ने एक वार्ता में व्यक्त किए बताया कि रमजान प्रतीक्षा का भी महीना है रमजान हमें मानवता आचार व्यबहार और हमदर्दी का सबक देता है। रोजे में जब इंसान भूख की वजह से दुश्वारियां बर्दाश्त करते हैं तो उसके दिल में गरीबों और भूखों के लिए हमदर्दी और भलाई का जज्बा अपने आप पैदा हो जाता है रमजान गमखुवारी का महीना है इस महीने में गरीबों और जरूरतमंदों की दिल खोलकर मदद करें खूब ज्यादा सदका और खैरात बांटना चाहिए रोजे के जरिए ही इंसान का तकवा बुरे कामों से बचाना और नेक काम करना मजबूत होता है रोजा एक ऐसी इबादत है जो की रूहानी और जिस्मानी से भी इंसान के लिए लाभदायक है इस मुकद्दस महीने का एक-एक लम्हा कीमती है इस महीने की बरकतों और रहमतों के को जमकर लूटना चाहिए खुदा के आदेशों का पालन करना चाहिए उसके हुकुम को पूरा करते हुए हराम चीजों से परहेज करना चाहिए। रमजान से सदके लेते हुए साल भर हमें नेक काम करने चाहिए रमजान की बरकत रहमत का क्या कहना जितना बताया जाए कम ही है यह माह रमजान बरकत और मफरत का है इसमें इतना हो सके इबादत में मसरूफ रहे अल्लाह को राजी करें घरों में दीनी माहौल बनाए नमाज का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है खुद इफ्तार से पहले पड़ोसियों के घर में देख ले कि उनके यहां कोई कमी तो नहीं है।

## एक नजर

### आज जमकर ढोल की थाप पर थिरकेंगे होली के हुरियारे



**कांठ ( शाह टाइम्स )**आज अबीर गुलाल और रंगों के साथ होली खेली जाएगीस त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की तैयारी में अधिकारी जुटे हुए हैं।नगर पंचायत के प्रमुख स्थानों सहित कांठ व छजलैट थाना क्षेत्रों में 191 स्थानों पर होलिकाओं का देर रात को दहन किया गया। नगर के माननगर तिराहा, गांधी आश्रम होलिका दहन स्थल, चौक बाजार, श्री रामलीला मंदिर चौराहा , संत रविदास धर्मशाला चौक, पट्टीवाला सहित कांठ थाना क्षेत्र 101 और थाना छजलैट में 90 स्थानों पर विधिविधान से होलिकाओं का दहन किया गया इससे पूर्व होलिका दहन स्थल पर पहुंचकर लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की सहोली के त्योहार पर कांठ नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में निकलने वाले रंग जुलूसों के मार्गों को पुलिस ने भ्रमण कर देखा है।

### आज शराब की दुकाने रहेगी बंद एक दिन पहले शराब की दुकानों पर रही भीड़

**कांठ ( शाह टाइम्स )** आज शराब की बिक्री बंद रहेगी जिसकी वजह से मंगलवार को देर शाम मदिरा पीने वालों ने जमकर शराब की खरीदारी की। ग्राहकों के उत्साह को देखते हुए इस बार हलवाइयों ने कई तरह की गुझिया बनाई हैं। उनका कहना है कि सबसे ज्यादा मावे की गुझिया पसंद की गई हैं। नगर में मंगलवार को बाजार में दुकानों पर चहल-पहल देखी गई जो देर रात तक जारी रही।

रंग-गुलाल, पिचकारी, मुखौटे आदि की खरीदारी के लिए लोग दुक. ानों पर पहुंचे। दुकानदारों का कहना है कि सादा गुझिया तीन सौ रुपये से लेकर 400 तक बिक रही है । देसी घी की गुजिया 700 रुपए किलो तक बिक रही हैस तहसील क्षेत्र में स्थित अंग्रेजी एवं देसी शराब की दुकानों पर लाखो रुपए की शराब बिकने की खबर है।

### नजीबाबाद व बरेली-रूट पर 11 मार्च से सात ई-बसें चलाने की तैयारी

**कांठ( शाह टाइम्स )** नजीबाबाद और बरेली रूट पर 11 मार्च से सात एसी ई-बसों को चलाने की तैयारी है निगम ने बसों के नंबर को पंजीकरण कराने के लिए परिवहन विभाग को कागजात भेज दिए है। परिवहन निगम के अधिकारियों ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर बसों का नंबर पंजीकरण हो जाएगा।मुरादाबाद डिपो के फोरमैन गजेंद्र सिंह ने बताया कि चार एसी ई-बसों को पंजीकरण किया गया है। इनका संचालन दिल्ली रूट पर किया जा रहा है। सात और एसी ई-बसों का पंजीकरण कराने के लिए परिवहन विभाग को कागजात भेज दिया गया है। एक सप्ताह में पंजीकरण हो जाएगा। अब नजीबाबाद और बरेली रूट पर यात्रियों को एसी ई-बसों की सुविधा मिलेगी। इन रूटों का किराया अभी निर्धारित नहीं किया गया है। नंबर पंजीकरण के बाद किराया निर्धारित कर दिया जाएगा। बसें पीतलनगरी बस अड्डे से संचालित की जाएगी।

### आस्था, श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ बीती रात होलिका दहन, कुछ गांव आज होगा होलिका दहन और रंगों की होली में बरसेगा रंग

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार की रात पूर्व निर्धारित समय और मुहूर्त के अनुसार आस्था श्रद्धा और भक्ति के साथ परंपरागत तरीके से नगर व तहसील क्षेत्र में हो. लिका दहन हुआ, लेकिन कुछ ग्रामों में बुधवार को होलिका दहन होगा। बुधवार को कांठ नगर एवं क्षेत्र में धूमधाम से रंगो की होली दुलहैंडी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सोमवार की रात कांठ नगर एवं देहात क्षेत्र में विधि विधान के साथ परंपरागत तरीके से होली का पूजन करने के उपरांत निर्धारित समय और मुहूर्त के अनुसार श्रद्धालुओं ने दहन किया। होलिका दहन होने के साथ ही पूरे क्षेत्र में रंगोत्सव की धूम मच गई। युवा वर्ग में होली को लेकर उत्साह है। कई स्थानों पर युवाओं को होली के गीतों तथा ढोल की थाप पर नृत्य करते देखा गया। सोमवार की रात होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात्रि 12.05 से 01.26 था। होलि. का दहन 1/2 स्थान को छोड़कर न केवल नगर व कुछ गांवो में होलिका दहन किया गया, जबकि कुछ गांवो में आज बुधवार की सुबह होलिका दहन होगा। बतादे कि मंगलवार को चंद्र ग्रहण होने के कारण होली का रंग नहीं खेला जा सका इसलिए बुधवार को नगर व देहात क्षेत्र में अबीर गुलाल बरसेगा। पंडित रूद्धदत्त शर्मा ने बताया कि होलिका दहन के समय जहां एक ओर विधि विधान से भगवान नरसिंह और उनके प्रिय भक्त प्रहलाद को याद करते हुए होलीका की अग्नि प्रज्वलित कर अपने भीतर के ईर्ष्या द्वेष अहंकार को दहन किया जाता है वहीं दूसरी ओर शरद ऋतु से बसंत और ग्रीष्म के अद्भुत समन्वय को परिभाषित करते हुए नई फसल जौं और गन्ने के साथ होलिका की परिक्रमा कर अर्पित की जाती है ताकि नई फसल स्वास्थ्य को उत्तम बनाए रखे।

# नाबालिग से दुष्कर्म का मामला, पुलिस ने पड़ोसी युवक को किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव खाईखेड़ा में 14 वर्षीय नाबा. लिग के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी पड़ोसी को गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 फरवरी को वह अपनी पत्नी के साथ मजदूरी करने गए थे। घर पर उनकी चारों बेटियां मौजूद थीं। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक युवज घर में घुस आया। उसने छोटी तीन बच्चियों को पैसे देकर दुकान पर सामान लाने के बहाने बाहर भेज दिया और घर में अकेली रह गई 14 वर्षीय किशोरी के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया।शाम को जब माता-पिता वापस लौटे तो बच्ची की स्थिति संदिग्ध लगी। पूछने पर उसने पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजन आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे, जहां कथित तौर पर आरोपी और उसकी पत्नी ने गाली-गलौज की और मामला किसी से न कहने की धमकी दी।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा गया है और साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया जारी है। आरोपी के साथ-साथ उसकी पत्नी की भूमिका की भी जांच की जा रही है।घटना से गांव में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई और सख्त सजा की मांग की है।

# जीएसटी के नाम पर फर्जी बिलिंग और टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ जीएसटी विभाग का अभियान तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडल में जीएसटी के नाम पर फर्जी बिलिंग और कागजी कंपनियों के जरिए टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ राज्यकर विभाग ने बड़ा अभियान शुरू किया है। शासन स्तर से मिले कड़े निर्देशों के बाद विभाग की टीमें लगातार संदिग्ध फर्मों पर छापेमारी कर रही हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि इनपुट टैक्स क्रेडिट का दुरुपयोग करने वाले किसी भी हाल में बख्शे नहीं जाएंगे।अभियान की निगरानी कमिश्नर ग्रेड-1 अशोक कुमार सिंह और एसआईबी के कमिश्नर ग्रेड-2 आर.ए. सेठ कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में गठित विशेष टीमें संदिग्ध प्रतिष्ठानों के पंजीकरण दस्तावेज, बैंक खातों, जीएसटी रिटर्न और ई-वे बिल का गहन परीक्षण कर रही हैं। जांच के दौरान कई ऐसी फर्में चिन्हित हुई हैं, जो केवल कागजों पर संचालित पाई गईं। मौके पर न कार्यालय मिला और न ही किसी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि के प्रमाण।सूत्रों के अनुसार, इन बोगस फर्मों के माध्यम से करोड़ों रुपये का फर्जी आईटीसी क्लेम किए जाने की आशंका है। कुछ मामलों में एक ही पते पर कई कंपनियों का पंजीकरण पाया गया, जिससे संगठित नेटवर्क की संभावना जताई जा रही है। विभाग बैंकिंग लेन-देन और डिजिटल रिकॉर्ड की भी गहन पड़ताल कर रहा है, ताकि पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ी जा सकें।कमिश्नर स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा बैठकें आयोजित हो रही हैं, जिनमें हर टीम से प्रगति रिपोर्ट ली जा रही है। जहां भी प्रथम दृष्टया गड़बड़ी मिल रही है, वहां तत्काल नोटिस जारी कर दंडात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।जीएसटी विभाग की इस सख्ती से व्यापारिक जगत में हलचल है। ईमानदार कारोबारियों ने कार्रवाई का स्वागत किया है। अधिकारियों का कहना है कि कर व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# चंद्र ग्रहण को लेकर मंदिरों के कपाट रहे बंद




**कांठ ( शाह टाइम्स )।** साल का पहला चंद्र ग्रहण मंगलवार दोपहर को 3 बजकर 20 मिनट पर आरंभ हुआ और इसका समापन शाम को 6 बजकर 46 मिनट पर हुआस नगर के मुख्य बाजार में चहल-पहल कम देखी गई मंदिरों के कपाट इस दौरान बंद रहेस सूतक काल लगने के बाद पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान नहीं हुए इस अवधि में मंदिरों के कपाट भी बंद कर दिए गए और देवी-देवताओं की मूर्तियों को स्पर्श करने से मना किया गया। सूतक और ग्रहण काल में केवल मंत्रों का जाप किया गया। चंद्र ग्रहण समाप्त होते ही सबसे पहले लोगों ने स्नान किया इससे शरीर और मन की शुद्धि होती है. कुछ लोग पूरे घर में गंगाजल का छिड़काव भी करते हैं. भगवान की प्रतिमा को भी गंगाजल से स्नान करवाते हैं। चंद्र ग्रहण के बाद दान का विशेष महत्व बताया गया है. ग्रहण समाप्ति के बाद जरूरतमंद लोगों को अन्न, वस्त्र, चावल, दूध, चीनी या धन का दान किया गया मान्यता है कि इससे ग्रहण के अशुभ प्रभाव कम होते हैंसग्रहण के दौरान बंद रहे मंदिरों के कपाट देर शाम को खोले गए मंदिरों में मंत्र जाप, आरती की गई।

# खाली प्लॉट में खड़ी कारों में की तोड़फोड़, कागजात व सामान चोरी, पुलिस से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना नागफनी क्षेत्र में अज्ञात शरारती तत्वों ने खाली पड़े प्लॉट में खड़ी चार चारपहिया वाहनों को निशाना बनाते हुए उनमें तोड़फोड़ कर दी और अंदर रखा सामान व मूल दस्तावेज चोरी कर लिए। घटना दो और तीन मार्च की रात की बताई जा रही है। सुबह जब वाहन स्वामी मौके पर पहुंचे तो गाड़ियों की हालत देखकर उनके होश उड़ गए।जानकारी के अनुसार, पैरामाउंट एक्सपोर्ट फर्म के पास स्थित एक खाली प्लॉट में क्षेत्र के कुछ लोगों ने अपनी गाड़ियां खड़ी कर रखी थीं।




दौलत बाग निवासी मोहम्मद सुहैल पुत्र मोहम्मद समेत अन्य वाहन स्वामियों ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी स्कॉर्पियो (यूपी 21 डीपी 8110), औरा (यूपी 21 सीयू 8545), बोलेरो (यूपी 21 डीएच 047) तथा एक अन्य कार (यूपी 15 एएम 7562) वहां पार्क थीं। आरोप है कि देर रात अज्ञात व्यक्तियों ने गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए, दरवाजों के लॉक क्षतिग्रस्त कर दिए और भीतर रखा कीमती सामान पार कर लिया। साथ ही वाहनों के मूल कागजात भी गायब कर दिए गए।पीड़ितों का कहना है कि दस्तावेज चोरी होना उनके लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है, क्योंकि अब उन्हें नए कागजात बनवाने की प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। घटना से क्षेत्र के अन्य वाहन स्वामियों में भी दहशत का माहौल है। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### चंद्र ग्रहण के चलते टली रंगों की होली

**चन्दौसी।** होलिका दहन के बाद जहां सामान्यत: अगले दिन सुबह से ही रंगों की बौछार शुरू हो जाती है, वहीं इस बार चंद्र ग्रहण के कारण होली का उत्साह कुछ थमा नजर आया। मंगलवार को पड़े चंद्र ग्रहण को लेकर लोगों में धार्मिक मान्यताओं का विशेष प्रभाव रहा। ग्रहण काल को अशुभ मानते हुए अधिकांश लोगों ने दिन में रंग खेलने से परहेज किया और घरों में ही रहे। ग्रहण के दौरान कई मंदिरों के कपाट बंद रखे गए तथा पूजा-पाठ स्थगित रहा। ग्रहण समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं ने स्नान कर दान-पुण्य किया और मंदिरों में दर्शन किए। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार ग्रहण काल में भोजन और शुभ कार्यों से बचने की परंपरा है, जिसका पालन नगरवासियों ने किया। हालांकि बच्चों में रंग खेलने की उत्सुकता बनी रही, लेकिन परिवारों ने परंपराओं को प्राथमिकता दी। अब ग्रहण समाप्त होने के बाद बुधवार को पूरे उत्साह और उमंग के साथ होली मनाने की तैयारी की जा रही है। बाजारों में भी दोपहर बाद रौनक बढ़ती दिखाई दी।

# चाकू से हमला करने के आरोप में महिला गिरफ्तार जानलेवा हमला व धमकी देने पर मामला दर्ज



**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मझोला क्षेत्र में जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला करने और गाली-गलौच करने के मामले में पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई पीड़ित की तहरीर के आधार पर की गई।जानकारी के मुता. बिक, 2 मार्च को जयंतीपुर निवासी तालिब हुसैन पुत्र कदीर ने थाना मझोला में शिकायत दर्ज कराई कि नामजद आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से उनके सिर पर चाकू से वार किया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। घटना के बाद घायल को उपचार दिलाया गया।तहरीर के आधार पर पुलिस ने थाना मझोला में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को आरोपी शबाना पत्नी सलीम निवासी जयंतीपुर, थाना मझोला, जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और अन्य आरोपियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्ता के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के मामलों में सख्ती बरती जाएगी।

# होली की पूर्व संध्या पर उमड़ा बाजारों में भीड़ का सैलाब, रंग गुलाल की जमकर हुई खरीददारी

**ठाकुरद्वारा।** होली के त्यौहार की पूर्व संध्या पर बाजारों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी । बुधवार की सुबह ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन किया जायेगा। जबकि चंद्र ग्रहण होने पर सोमवार को देर शाम होली की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसे लेकर पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल है। रंगो के त्यौहार को लेकर मंगलवार को बाजारों में रंग गुलाल और पिचकारी खरीदने के लिए ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मिठाई की दुकानों मावा मंडी, कचरी पापड़ के बाजार भी गुलजार रहे। सबसे ज्यादा भीड़ रंगों और पिचकारी की दुकान पर दिखाई दी। बच्चे बूढे और महिलाएं अपनी अपनी पसंद की खरीददारी में जुटे रहे। इससे व्यापारियों के चेहरों पर मुस्कान रही। महंगाई की मार के चलते इस बार पकवान का सामन कुछ कम खरीद रही हैं। लेकिन रंग और गुलाल खरीदने में सभी आगे दिखाई दिए। गुजिया और पकवान बनाने के लिए लोगो की परचून की दुकान पर भी डटी जुटी रही।

# रिजर्व पुलिस लाइन में विधि-विधान के साथ एसएसपी ने किया होलिका दहन, दीं शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** होली पर्व के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइंस परिसर में परंपरागत विधि-विधान के साथ होलिका दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पूजा-अर्चना कर विधिवत होलिका दहन कराया और उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को होली की शुभकामनाएं दीं।निर्धारित समय पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारीगण, जवान और उनके परिवारजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका पूजन संपन्न हुआ, जिसके बाद अग्नि प्रज्वलित कर बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया गया। इस दौरान परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का पर्व है। उन्होंने पुलिस कर्मियों से अपील की कि वे त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ समाज में शांति और सद्भाव का संदेश भी दें। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस परिवार का आपसी सहयोग और समर्पण ही विभाग की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। बच्चों और परिजनों ने भी उत्साह पूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन में सुरक्षा और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन परिसर रंगों और उल्लास से सराबोर नजर आया।



मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद
चौदहवां रोजा वक्त इफ्तार 04 मार्च शाम 6:21
पन्द्रहवां रोजा वक्त सहरी 05 मार्च सुबह 5:14

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा

# महिला का दुपट्टा बना जान का दुश्मन, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बाइक पर बैठी महिला का दुपट्टा उसकी जान का दुश्मन बन गया। सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई। मां की मौत के बाद दो मासूम बिलखते रह गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार सफर के दौरान छोटी सी लापरवाही ने फौजी के हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। बाइक पर बैठी सीआरपीएफ जवान की पत्नी का दुपट्टा पिछले पहिए में लिपट गया जाने के कारण सड़क पर गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी दीपक कुमार पुत्र हिमाचल सिंह सीआरपीएफ में जवान के पद पर तैनात हैं। वह होली का त्यौहार मनाने के लिए दो दिन पूर्व ही छुट्टी लेकर घर आए थे। उनकी पत्नी सोनिका



## बिलखते रह गए दो मासूम बच्चे

(35 वर्ष) अपने पुत्र ऋषभ (आठ वर्ष) और पुत्री अनविका (चार वर्ष) के साथ धामपुर में किराए के मकान में रहकर बच्चों को पढ़ा रही थी। आज अपराह्न दीपक अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर बाइक द्वारा धामपुर से वापस ग्राम लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक भूतपुरी पुल के समीप पहुंची, तो अचानक सोनिका का दुपट्टा बाइक के पिछले पहिए में फंस गया।पहिए में दुपट्टा खिंचते ही सोनिका सिर के बल सड़क पर जा गिरी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। इस दौरान बाइक फिसलने से उनके दोनों बच्चे भी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। भीड़ इकट्ठा हो गई। घायलों को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक डॉ. खालिद अख्तर ने जांच के बाद सोनिका को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायल बच्चों का उपचार चल रहा है। सूचना मिलते ही शेरकोट पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजन बिना किसी कार्रवाई के शव को अपने घर ले गए।

# होली खेलने आए अभिषेक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** होली खेलने के लिए दिल्ली से घर आ रहे युवक की मौत हो गई।

## राजपाल की हालत नाजुक

प्राप्त समाचार के अनुसार आज शाम लगभग पांच बजे ग्राम बल्लाशेरपुर निवासी अभिषेक और राजपाल अपनी बाइकों पर सवार हो कर जा रहे थे। ग्राम के पास ही उनकी



बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। अभिषेक व राजपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। अभिषेक दिल्ली के एक होटल में काम करता था और होली अपने परिवार के साथ मनाने के लिए छुट्टी लेकर घर आया था। उसकी मौत से परिवार में खुशियां मातम में बदल गईं। तुरंत दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। राजपाल की हालत गंभीर बताई जा रही है। अभिषेक की मौत की खबर मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। त्यौहार की तैयारियों में जुटे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सपा की निगाह प्रदेश के दलित वोटों पर, 15 मार्च को मनायेगी कांशीराम जयंती



**बिजनौर।** सपा ने 15 मार्च को कांशीराम जयंती मनाने का फैसला किया है। जिला स्तर पर होने वाले इन कार्यकमों में दलित समाज के लोगों की ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाई जाएगी। बसपा संस्थापक कांशीराम और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बीच रहे रिश्तों की भी याद दिलाई जाएगी। इस संबंध में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांशीराम जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

जेएनयू के सेवानिवृत्त शिक्षक और समकालीन राजनीति के खास जानकार प्रो. रवि कहते हैं कि कभी यूपी में मुलायम-कांशीराम फैक्टर बहुत प्रभावी था। नब्बे के दशक में इस फैक्टर से दलितों और पिछड़ों की सामाजिक व राजनीतिक हैसियत में बड़ा बदलाव देखने को मिला। अब दलित पिछड़ों के गठजोड़ के इसी फैक्टर की बदौलत सपा ने यूपी की राजनीति में दखल बढ़ाने का निर्णय लिया है। सपा नेतृत्व का मानना है कि दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक (पीडीए) का फॉर्मूला उन्हें सत्ता तक पहुंचा सकता है। वैसे भी दलित समाज सपा से जुड़ रहा है।

## एक नजर

# पांच मार्च को होली का अवकाश निरस्त : डीएम



**बिजनौर।** जिला मजिस्ट्रेट जसजीत कौर द्वारा कार्य एवं जनहित में पांच मार्च का होली का स्थानीय अवकाश निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी पांच मार्च दिन बृहस्पतिवार को समस्त कार्यालय पूर्व की भांति यथावत खोले जायेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों से उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## मासूम अम्मार ने रखा रोजा



**अफजलगढ़।** मुकद्दस माह ए रमजान अल मुबारक में लगभग 13 घन्टे घंटे का रोजा हो रहा है। 13 घन्टे भूख प्यास की शिद्दत का बर्दाश्त करना नौजवानों के लिए भी बहुत मुश्किल होता है। लेकिन ग्राम सीरवासुचन्द निवासी समाजसेवी डॉ. गुफरान अहमद अंसारी के सात वर्षीय पुत्र मौहम्मद अम्मार ने बुधवार को अकीदत के साथ पहला रोजा रखा। मौहम्मद अम्मार के रोजा की बरकत से घर का दस्तरखान तो सजा, साथ ही उसके वालिद ने सदका अदा किया। मुम्बई में रह रहे अम्मार के ताया मौहम्मद इमरान व भाई डॉ. साकिब ने ईद उल फितर पर उसे तोहफे ला कर देने का वादा किया।

## सौरभ वर्मा गंभीर रूप से घायल



**नगीना।** बाइक सवार मौहल्ला मझलैटा निवासी 40 वर्षीय सौरभ वर्मा पुत्र उमाकांत वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। बीती शाम वह बाइक से धामपुर की तरफ किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह कालाखेड़ी मोड़ के पास पहुंचा, तभी बाइक अनियंत्रित होकर रोड किनारे गड्ढे में गिर गई। हादसे में घायल बाइक चालक युवक को हाईवे एंबुलेंस डॉयल 108 द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले जाया गया। वहां से जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर

मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर

रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/ प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम, कोतवाली देहात

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी

मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# आर्थिक उथल-पुथल

भले ही, दुनिया में चौधराहट बनाए रखने और साम्राज्यवादी मंसूबों को पूरा करने के लिए अमेरिका ने इस्राइल के साथ मिलकर ईरान पर युद्ध थोंपा हो, मगर इस युद्ध के दूरगामी घातक परिणाम पूरी दुनिया को झेलने होंगे। इस संघर्ष ने पूरे पश्चिमी एशिया को गहरे संकट में डाल दिया है। तबाही के कगार पर खड़े ईरान ने जिस तरह अपने पड़ोसी देशों के व्यापारिक व औद्योगिक संस्थानों पर ताबड़-तोड़ हमले किए हैं, उससे मध्यपूर्व में बड़ा आर्थिक संकट पैदा हो गया है। लाखों लोगों के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। खासकर लाखों भारतीय कामगारों के लिए बड़ा संकट पैदा हो गया है। ईरान की जवाबी कार्रवाई से पश्चिमी एशिया में बढ़ते संकट से, इस क्षेत्र में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के प्रमुख वैश्विक जहाजरानी मार्गों पर मंडरा रहे खतरे के बीच ऊर्जा बाजार की स्थिति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। हमलों के कारण कच्चे तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी की ढुलाई पहले ही बाधित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि होर्मुज वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से के लिए एक रणनीतिक मार्ग है। लेकिन मौजूदा युद्ध से उपजे हालात में जहाज बीमा कंपनियों ने युद्ध-जोखिम कवरेज वापस ले लिया है। इसके चलते पेट्रोलियम पदार्थों व अन्य उत्पादों की माल ढुलाई लागत बढ़ रही है। युद्ध की विभीषिका के चलते तमाम जहाजों ने अपने मार्ग बदल लिए हैं। कुछ जहाज चलाने वाली कंपनियों ने अपने जहाजों के परिचालन पर रोक लगा दी है। इसका तात्कालिक परिणाम यह है कि कच्चे तेल की कीमतों में काफी उछाल देखा जा रहा है। जिसके चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें आने वाले दिनों में विश्व स्तर पर मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाएंगी। जाहिरा तौर पर विकासशील व गरीब देशों का आर्थिक संकट और गहरा हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर विकासशील देशों की सरकारों के सामने विकास कार्यक्रमों के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना अब एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं इन देशों में केंद्रीय बैंकों के लिए भी मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल, हाल के दिनों में पेट्रोलियम और उसके उत्पादों पर निर्भर परिवहन, रसायन और प्लास्टिक उद्योग तक को बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। जाहिर है इससे इन उद्योगों के लाभ में कमी आ सकती है। साथ ही इन उद्योगों में निवेश धीमा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर आपूर्ति में देरी से वैश्विक आपूर्ति श्रंखलाओं की समस्याएं और भी बढ़ सकती हैं। यह सर्वविदित है कि आज भी भारत अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए कच्चे तेल का अस्सी से नब्बे प्रतिशत आयात करता है। इस कच्चे तेल का करीब चालीस फीसदी हिस्सा पश्चिमी एशिया से आता है। मौजूदा विषम परिस्थितियों के बीच होर्मुज जलमार्ग में व्यवधान तथा भू-राजनीतिक जोखिमों में वृद्धि से भारत के तेल आयात बिल के बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। वहीं इसके साथ ही देश का राजकोषीय घाटा भी बढ़ सकता है। यहां तक कि कच्चे तेल के दाम में दस डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि भी आयात लागत को काफी हद तक बढ़ा सकती है। मौजूद संकट के बीच, विशेष रूप से खाड़ी क्षेत्र को निर्यात के लिए बने व्यापार गलियारे आज जटिल परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।

## सरकार की चुप्पी हैरानी में डालने वाली



इजरायल और अमेरिका के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने की घटना एक निंदनीय कृत्य है, इस मुद्दे पर मोदी सरकार की चुप्पी हैरानी में डालने वाली है, सरकार का यह मौन तटस्थता नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से पीछे हटना है, जिससे भारत की विदेश नीति की दिशा और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं, भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से संप्रभु समानता, अहस्तक्षेप और शांतिपूर्ण समाधान जैसे सिद्धांतों पर आधारित रही है। चुप्पी इन सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होती है, सरकार ने न तो इस हत्या की स्पष्ट निंदा की और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन पर ठोस प्रतिक्रिया दी।

**-श्रीमती सोनिया गांधी, अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल**

# प्राइवेट हॉस्पिटल: खर्चा और उससे जुड़े रोगियों के अधिकार

भारत की बड़ी आबादी सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण निजी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर है। देश में 60 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य सम्बंधी खर्च रोगियों को खुद वहन करना पड़ता है, जिससे हर साल लाखों लोग गरीबी में धकेल दिए जाते हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (पंजीयन और विनियमन) अधिनियम, 2010 और इसके तहत 2012 में बने नियम निजी स्वास्थ्य सेवाओं की दरों को नियंत्रित करने का ढांचा प्रदान करते हैं, लेकिन यह अब तक प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सका है। 102 डॉक्टरों, स्वास्थ्य पेशेवरों और जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भारत में निजी स्वास्थ्य सेवाओं की लागत को नियंत्रित करने और रोगियों के अधिकारों को लागू करने की मांग की है। फोरम फॉर इक्विटी इन हेल्थ द्वारा समर्थित विशेषज्ञों की इस अपील में स्वास्थ्य सेवाओं की उचित, पारदर्शी और मानकीकृत दरें तय करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है ताकि रोगियों पर आर्थिक बोझ कम किया जा सके। यह अपील जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका का समर्थन करती है, जिसमें केंद्र सरकार से 2012 के चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम के नियम 9 के तहत निजी स्वास्थ्य सेवाओं की दरों को विनियमित करने की मांग की गई है। इस कानूनी बहस में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने मौजूदा नियमों को लागू करने की मांग की है, जिसका व्यावसायिक निजी स्वास्थ्य सेवा समूहों द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है। कार्रवाई के इस आह्वान से एक कड़वी सच्चाई सामने आती है। सरकारी स्वास्थ्य ढांचे की कमी के कारण देश की बड़ी आबादी को निजी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर होना पड़ता है। निजी अस्पतालों में अत्यधिक और मनमाने शुल्क के कारण कई परिवार आर्थिक संकट में फंस जाते हैं और गरीबी में धकेल दिए जाते हैं। इस अपील पर हस्ताक्षर करने वाले लोग भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न तबकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इनमें प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के डॉक्टर, छोटे निजी क्लीनिक, बड़े कॉर्पोरेट अस्पताल, चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन शामिल हैं। हस्ताक्षरकर्ताओं में युवा पेशेवर, मध्यम अनुभव वाले विशेषज्ञ और दशकों के अनुभव वाले वरिष्ठ विशेषज्ञ शामिल हैं। यह सामूहिक आवाज दर्शाती है कि भारत के निजी स्वास्थ्य क्षेत्र में असमानताओं और विनियमन की कमी को दूर करने के लिए तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है।

**दरों का मानकीकरण**

चिकित्सा प्रतिष्ठान (पंजीयन और विनियमन) अधिनियम, 2010 और इसके तहत 2012 में बने नियम निजी स्वास्थ्य सेवाओं को नियंत्रित करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करते हैं, लेकिन, दरों के मानकीकरण, न्यूनतम मानकों और पारदर्शिता जैसे प्रमुख पहलू अभी तक पूरी तरह लागू नहीं हो पाए हैं। यह स्थिति निजी अस्पतालों में अधिक शुल्क वसूलने की व्यापक प्रवृत्ति के बावजूद है, जो कोविड महामारी के दौरान उजागर हुई थी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि दरों का मानकीकरण तकनीकी रूप से संभव है और इसे पहले ही सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम CGHS और आयुष्मान भारत.प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना जैसी योजनाओं में सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। मसलन, CGHS देशभर में 1850 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए समान दरें तय करता है, जिससे लाखों सरकारी कर्मचारी और पेंशनभोगी लाभान्वित होते हैं। इसी तरह, आयुष्मान भारत के तहत 28,000 से अधिक अस्पताल सूचीबद्ध हैं, जो लगभग 2000 प्रक्रियाओं के लिए निश्चित दरों पर इलाज करते हैं। इन योजनाओं और जापान जैसे देशों की समान दर व्यवस्था से प्रेरणा लेते हुए, विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा ढांचा न सिर्फ संभव है बल्कि मनमाने और अत्यधिक शुल्क से मरीजों को बचाने के लिए आवश्यक भी है।

**अनैतिक प्रथाएं और असमानता**

इस अपील में निजी स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त अनैतिक प्रथाओं, जैसे अधिक शुल्क वसूली, रेफरल के लिए कमीशन और मनमानी बिलिंग की समस्याओं को उजागर किया गया है। ये प्रथाएं रोगियों पर अतिरिक्त बोझ डालती हैं और ईमानदार चिकित्सकों के प्रयासों को कमजोर करती हैं। दरों के मानकीकरण से इन समस्याओं को दूर करके एक अधिक न्यायसंगत और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। इससे ईमानदार निजी चिकित्सकों को बराबरी से प्रतिस्पर्धा का मौका मिलेगा और रोगियों पर वित्तीय बोझ भी कम होगा। मुख्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए उचित दर सुनिश्चित करके, इस क्षेत्र में अत्यधिक मुनाफाखोरी को रोका जा सकता है और रोगियों और चिकित्सकों के बीच विश्वास को मजबूत किया जा सकता है।

**आगे का रास्ता**

फोरम फॉर इक्विटी इन हेल्थ और अन्य हस्ताक्षरकर्ता निम्नलिखित उपायों का सुझाव देते हैं-



1. रोगियों के अधिकारों का सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन और क्रियांवयन- सभी चिकित्सा संस्थानों में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी रोगियों के अधिकारों का चार्टर स्थानीय भाषाओं में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।
2. पारदर्शी मूल्य निर्धारण- स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को प्रमुख प्रक्रियाओं के लिए दरें अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए, ताकि रोगियों को सोच-समझकर निर्णय लेने में मदद मिल सके।
3. मुख्य प्रक्रियाओं की मानकीकृत लागत- प्रमुख चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए निश्चित दरें होनी चाहिए, ताकि अत्यधिक शुल्क वसूली को रोका जा सके। सुविधाओं या विशेष आवश्यकताओं के लिए लचीलापन रखा जा सकता है।
4. शिकायत निवारण प्रणाली- रोगियों की समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए प्रभावी तंत्र स्थापित किए जाने चाहिए।
5. छोटे और गैर-मुनाफा संस्थानों का समर्थन- मानकीकरण प्रक्रिया को छोटे क्लीनिक्स, चैरिटेबल अस्पतालों और गैर-मुनाफा संगठनों के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाना चाहिए। देश भर के हस्ताक्षरकर्ताओं ने फिर से यह जाहिर किया है कि स्वास्थ्य सेवा को एक सामाजिक कार्य के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि मुनाफा कमाने की वस्तु के रूप में। वे एक मजबूत सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हैं जिसे निजी क्षेत्र पर प्रभावी नियम लागू करके बल मिले। यह अपील इस बात पर भी जोर देती है कि स्वास्थ्य का संवैधानिक अधिकार तभी पूरा हो सकता है, जब निरंकुश निजी स्वास्थ्य सेवा प्रथाओं द्वारा उत्पन्न वित्तीय असमानताओं को हल किया जाए।

इस अपील का संदेश स्पष्ट है। स्वास्थ्य सेवा एक मौलिक अधिकार है, न कि कोई विशेषाधिकार। इसे साकार करने के लिए नीति निर्माताओं, न्यायपालिका, और समाज को निजी स्वास्थ्य सेवा लागतों को नियंत्रित करने, रोगियों के अधिकार चार्टर को लागू करने और सरकारी स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए निर्णायक कदम उठाने होंगे। अपील में यह भी कहा गया है समय आ गया है कि हम सरकारी स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत करें, निजी स्वास्थ्य सेवा प्रथाओं को नियंत्रित करें और सुनिश्चित करें कि हर भारतीय को किफायती, समान और नैतिक चिकित्सा सेवा प्राप्त हो। मानकीकृत दरों को लागू करके और मरीजों के अधिकारों की रक्षा करके ही देश एक न्यायपूर्ण, समान और सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की ओर बढ़ सकता है।

**-साभार जी.एस. स्रो.फी.**

# वैज्ञानिकों पर आंख बंद कर भरोसा करने का सच!

**साठ प्रतिशत लोगों का मानना है कि सरकारों में उभरते नवाचारों के नियमन की क्षमता का अभाव है। यह भरोसा वैज्ञानिकों के लिए एक अवसर के साथ चुनौती भी है। इस विश्वास के दम पर वैज्ञानिक प्रयास कर सकते हैं कि सरकारी नीतियां प्रमाण आधारित बनें। इसके साथ ही वे सरकारी हस्तक्षेप और नियामक शक्तियों पर लोगों के अविश्वास सम्बंधी चिंताओं को भी संबोधित कर सकते हैं। सवाल यह उठता है कि सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए, नीतियों की दिशा सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक सरकारों के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं?**

एक हालिया अध्ययन के अनुसार दुनिया भर के लोगों ने वैज्ञानिकों पर भरोसा व्यक्त किया है, लेकिन वे अनुसंधान में सरकारों के हस्तक्षेप को लेकर चिंतित भी हैं। यह निष्कर्ष वैश्विक संचार संस्थान एडेलमैन द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट ट्रस्ट बैरोमीटर का है जिसके लिए मेक्सिको से लेकर जापान तक 28 देशों के 32,000 से अधिक लोगों का सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण के 74 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नवाचारों और नई प्रौद्योगिकियों सम्बंधित सही जानकारी प्रदान करने के लिए वैज्ञानिकों पर विश्वास जताया है। इतने ही प्रतिशत लोगों ने चाहा है कि वैज्ञानिक इन नवाचारों को पेश करने में स्वयं आगे आएं। इसके विपरीत, सही जानकारी देने के संदर्भ में लोगों ने पत्रकारों और सरकारी नेताओं पर क्रमश: 47 प्रतिशत और 45 प्रतिशत ही भरोसा जताया है। हालांकि, अध्ययन में 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने देश में विज्ञान के राजनीतिकरण की बात कही है, जो राजनेताओं के हस्तक्षेप की ओर इशारा करता है। विश्व स्तर पर 59 प्रतिशत का मानना है कि सरकारें और अनुसंधान वित्तपोषक एजेंसियां वैज्ञानिक प्रयासों पर अत्यधिक प्रभाव डालते हैं। ये आंकड़े भारत में 70 प्रतिशत और चीन में 75 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 60 प्रतिशत लोगों का मानना है कि सरकारों में उभरते नवाचारों के नियमन की क्षमता का अभाव है। यह भरोसा वैज्ञानिकों के लिए एक अवसर के साथ चुनौती भी है। इस विश्वास के दम पर वैज्ञानिक प्रयास कर सकते हैं कि सरकारी नीतियां प्रमाण-आधारित बनें। इसके साथ ही वे सरकारी हस्तक्षेप और नियामक शक्तियों पर लोगों के अविश्वास सम्बंधी चिंताओं को भी संबोधित कर सकते हैं। सवाल यह



उठता है कि सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए, नीतियों की दिशा सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक सरकारों के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं? कई विशेषज्ञ इस रिपोर्ट को काफी महत्वपूर्ण बताते हैं जो कोविड-19 महामारी और कृत्रिम बुद्धि के उदय जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए विज्ञान और नवाचार पर वैश्विक फोकस के साथ मेल खाती है।

हालिया समय में दुनियाभर की सरकारें क्लस्टरिंग विश्वविद्यालयों से लेकर उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने और नवीन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करने की विभिन्न रणनीतियों की तलाश कर रही हैं। एक हालिया प्रस्ताव में चिकित्सा विज्ञान में एआई की बड़ी भूमिका की वकालत की गई है लेकिन नियामक सुधारों को भी आवश्यक बताया है। गौरतलब है कि इस पूरे मामले में सामाजिक विज्ञान एक ऐसे उपकरण के रूप में उभरा है जिसका उपयोग नहीं किया गया है। यूके एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज की एक रिपोर्ट में डैटा वैज्ञानिकों, अर्थशास्त्रियों, नैतिकताविदों, कानूनी विद्वानों और समाजशास्त्रियों की विशेषज्ञता की चर्चा करते हुए नीति निर्माण में सामाजिक विज्ञान को जोड़ने पर जोर दिया गया है। इन क्षेत्रों के पेशेवर लोग नई प्रौद्योगिकियों, आर्थिक मॉडलों और नियामक ढांचे की ताकत और सीमाओं का आकलन कर सकते हैं और उनमें निहित अनिश्चितताओं को भी संबोधित कर सकते हैं।

यदि लोगों को लगता है कि विज्ञान का राजनीतिकरण हो चुका है और सरकारें बहुत अधिक हस्तक्षेप कर रही हैं, तो यह सिर्फ विज्ञान के लिए नहीं बल्कि समाज के लिए भी समस्या है क्योंकि इससे लोगों के इस विश्वास में कमी आ सकती है कि सरकारें इन नवाचारों के लाभ उन तक पहुंचाएंगी और संभावित नुकसानों से बचाएंगी। ऐसे में वैज्ञानिकों को नवाचार के बारे में विश्वसनीय स्रोत बनने के अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

**-स्रोत फीचर्स**

# शादी से इतना डर क्यों, क्या वाकई कुछ कारण डर की वजह हैं!

जब मैं शादी शब्द सुनती हूं तो मेरा दिल तेजी से धड़कने लगता है। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे शादी करने से डर लगता है, और मैं जानती हूं कि मैं अकेली नहीं हूं। मेरे आस-पास के कई लोग भी ऐसा ही महसूस करते हैं। हैरानी की बात है कि आजकल यह डर काफी आम हो गया है। शादी एक बहुत बड़ा कदम है, इसलिए इसके बारे में घबराहट होना सामान्य है। लेकिन क्यों? शादी के बारे में सोचते ही हमारा दिल क्यों तेजी से धड़कने लगता है? इस हिचकिचाहट के पीछे कई कारण हैं और हम उन्हें आपके साथ साझा करने के लिए यहां हैं। इंस्टाग्राम पर थेरेपी विद शौर्य पेज से जुड़ी मनोवैज्ञानिक बनिता सिंह ने कहा कि स्थिरता और व्यक्तिगत विकास की तलाश कर रहे लोगों को शादी डरावनी लग सकती है। विशेषज्ञ ने कहा कि ऐसे लोग खुद को खोने, हमेशा के लिए साथ रहने के दबाव या उम्मीद से ज्यादा समझौता करने से डरते हैं। सिंह ने इन मानसिक कारकों के बारे में विस्तार से बात की जो शादी को डरावना बनाते हैं।

**खुद को खोने का डर**

विशेषज्ञ ने कहा कि आजकल लोगों को अपनी आजादी और निजी समय पसंद है। अपनी दिनचर्या, शौक या विचित्रताओं को किसी और के साथ मिलाने का विचार लोगों को ऐसा महसूस कराता है जैसे वे खुद को छोड़ रहे हैं।

**हमेशा के लिए वाला फैक्टर**

विशेषज्ञ ने कहा कि लोगों को हमेशा के लिए शब्द प्यार के वादे से ज्यादा उम्रकैद की सजा जैसा लगता है। क्या होगा अगर आप लंबे समय तक खुश नहीं हैं? खुद को किसी फैसले से बांधने का विचार भारी लग सकता है।

**बहुत ज्यादा समझौता करने का डर**

विशेषज्ञ ने कहा कि लोगों को डर है कि शादी के बाद उन्हें जरूरत से ज्यादा समझौता करना पड़ सकता है। विशेषज्ञ ने कहा कि ऐसे लोगों के लिए हमेशा एडजस्ट करने वाले व्यक्ति होने का डर अनुचित और डरावना लग सकता है।

**एक्सपर्ट ने शादी के लिए उत्सुक होने का कारण भी बताया**

बनिता सिंह ने बताया कि शादी त्याग के बारे में नहीं है, बल्कि एक ऐसा साथी खोजने के बारे में है जो आपके सपनों का समर्थन करता है, आपका सर्वश्रेष्ठ सामने लाता है, और जीवन के उतार-चढ़ाव में आपका साथ देता है। उन्होंने कहा कि प्यार, विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित, शादी एक खूबसूरत यात्रा बन सकती है, जहां दोनों साथी एक साथ मजबूत होते हैं।

**छोटी-छोटी बातों में छिपा है एक खुशहाल रिश्ते का राज**

हर कपल एक भावुक और अंतरंग रिश्ता बनाने का सपना देखता है। लेकिन कई लोगों के लिए, यह सिर्फ एक सपना ही रह जाता है, न ज्यादा, न कम। हो सकता है कि आप इस सपने को हकीकत में बदलने की पूरी कोशिश कर रहे हों। आप बहुत प्रयास कर रहे हों, अपनी पूरी ऊर्जा लगा रहे हों, फिर भी परिणाम निराशाजनक हों।

ऐसा क्यों होता है? विशेषज्ञों का कहना है कि समस्या यह है कि लोग अक्सर बडे इशारों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और उन छोटी चीजों को भूल जाते हैं जो वास्तव में मायने रखती हैं। उदाहरण के लिए, कुछ लोग अपने साथी को प्रभावित करने और रोमांटिक मूड बनाने के लिए महंगे उपहारों पर बहुत पैसा खर्च करते हैं। जबकि उपहार अच्छे होते हैं, वे अंतरंगता बनाने का एकमात्र तरीका नहीं हैं।

बहुत से लोग यह नहीं समझते हैं कि अंतरंगता सरल क्षणों से बढती है, साथ बैठना, खुलकर बात करना, वास्तव में सुनना और स्पर्श के माध्यम से स्नेह दिखाना। जुडाव के ए छोटे-छोटे कार्य इच्छा को जगा सकते हैं और आपको किसी भी बडे इशारे से कहीं ज्यादा अपने साथी के करीब ला सकते हैं।


**एक्सपर्ट ने क्या कहा?**

मैरिज कोच अमांडा ट्विग्स जोन्स इस बात पर जोर दिया कि बडे झगडे आमतौर पर रिश्ते में अंतरंगता को नष्ट नहीं करते हैं। इसके बजाय, यह छोटे, रोजमर्रा के पल होते हैं जो धीरे-धीरे एक जोडे को अलग कर सकते हैं।

उन्होंने इसे समझाने के लिए एक उदाहरण दिया- कल्पना करें कि आप अपने साथी से जुडने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे अपने फोन पर स्क्रॉल करने में इतने व्यस्त हैं कि आप पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। या, जब आप कोई महत्वपूर्ण बात साझा कर रहे होते हैं, तो वे आपसे वास्तव में जुडने के बजाय एक साधारण ष्हम्मष कहकर जवाब देते हैं। ए छोटी-छोटी हरकतें, जब समय के साथ दोहराई जाती हैं, तो भावनात्मक दूरी पैदा कर सकती हैं और आपको अनसुना और महत्वहीन महसूस करा सकती हैं। यह बडी बहस नहीं है, बल्कि अलगाव के ए छोटे, अनदेखे पल हैं जो रिश्ते को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**छोटे-छोटे पलों से अपने रिश्ते को बदलें**

विशेषज्ञ ने जोड़ों को सलाह दी कि वे अपना ध्यान भव्य रोमांटिक इशारों से हटाकर छोटे-छोटे, रोजमर्रा के पलों पर लगाएं। ऐसा करके, जोड़े सांसारिक चीजों को शानदार बना सकते हैं और एक गहरे, ज्यादा सार्थक संबंध को बढावा दे सकते हैं। तो, आप छोटे-छोटे पलों की शक्ति का कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं? विशेषज्ञ ने सुझाव दिया कि पल में मौजूद रहें, फोन जैसी चीजों को दूर रखें और अपने साथी पर



ध्यान केंद्रित करें। अपने साथी को दिखाएं कि आप उनके विचारों, भावनाओं और अनुभवों में रुचि रखते हैं और उनमें दिलचस्पी रखते हैं। आंख से आंख मिलाएं, सकारात्मक बॉडी लैंग्वेज का इस्तेमाल करें और अपने साथी के जीवन के लिए उत्साह दिखाएं।

**अपने रिश्ते को हमेशा के लिए बदल दें**

एक्सपर्ट ने बताया कि जो जोडे अपने रिश्तों को बदलते हैं, वे समझते हैं कि हर छोटा-सा पल मायने रखता है। वे पहचानते हैं कि हर क्षणभंगुर बातचीत उनके संबंध को बनाने या तोडने का एक मौका है, और इन पलों का संचय पूरे रिश्ते को आकार देता है।

इसके अलावा, वे स्वीकार करते हैं कि इन पलों पर उनके साथी की प्रतिक्रिया का गहरा प्रभाव पडता है, या तो उनके बंधन को मजबूत करता है या उन्हें अलग कर देता है। सबसे महत्वपूर्ण बात, वे समझते हैं कि एक-दूसरे की जरूरतों को सुनना और पूरा करना गैर-परक्राम्य है, यह एक दो-तरफा रास्ता है जिसके लिए दोनों भागीदारों से प्रयास, सहानुभूति और प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है।

# सभी देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं







